# हरिभूमि

धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएं

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, मंगलवार 29 अक्टूबर 2024







## खबर संक्षेप

### लाटमेटा में खो-खो प्रतियोगिता 5 से

**राजनांदगांव।** लाटमेटा नवाटोला विकासखंड छुरिया में छत्तीसगढ़ एमेच्योर खो-खो एसोसिएशन, जिला खो-खो संघ एवं सर्व खो-खो टेक्निकल ऑफिशियल्स राजनांदगांव व समस्त ग्रामवासी ग्राम लाटमेटा नवाटोला के संयुक्त तत्वावधान में भव्य तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जूनियर बालक-बालिका खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन 5 से 7 नवम्बर तक किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों के 20 बालक व 20 बालिकाओं की टीम भाग लेंगे। जूनियर वर्ग 18 वर्ष से कम उम्र की सभी टीमों को 4 नवंबर को शाम 7 बजे तक अपनी उपस्थिति ग्राम लाटमेटा में देना है, ताकि 5 नवंबर को सुबह 8 बजे से मैच प्रारंभ किया जा सके। 6 नवंबर को छत्तीसगढ़ खो-खो संघ उन खिलाड़ियों के लिए सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित कर रहा है, जिन्होंने पिछले चार राष्ट्रीय स्तर के खो-खो प्रतियोगिताओं में छत्तीसगढ़ राज्य को सब-जूनियर व जूनियर वर्ग में लगातार चार मैडल विजेता होने का गौरव दिलाया है। 7 नवंबर को सुबह 10 बजे से स्टेट खो-खो टेक्निकल ऑफिशियल्स की एक्जाम भी आयोजित किया जा रहा है। जिसमे छत्तीसगढ़ के कोई भी 18 वर्ष से अधिक उम्र के महिला या पुरुष जो खो-खो खेल की ज्ञान रखते हैं, भाग ले सकते हैं। उक्त परीक्षा का शुल्क 1000 रुपए हैं। सभी परीक्षा में सफल उम्मीदवारों को ऑफिशियल्स टी-शर्ट, विशील, कैप दिया जाएगा। जानकारी छत्तीसगढ़ खो-खो संघ के महासचिव तरुण शुक्ला ने दी।

### राज्य स्तर क्वीज के लिए दो विद्यार्थियों का चयन



**राजनांदगांव।** भारतीय रिजर्व बैंक की 90वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित राज्य स्तर क्वीज प्रतियोगिता में दिग्विजय महाविद्यालय के दो विद्यार्थियों पियूष देवांगन बीएससी पंचम सेमेस्टर तथा रोहनलाल पटेल बीएससी पंचम सेमेस्टर का चयन हुआ है। क्वीज प्रतियोगिता के प्रथम चरण में ऑनलाइन क्वीज का आयोजन रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा किया गया था, जो एक एलिनिमेशन राऊंड था। जिससे राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 90 टीम का चयन द्वितीय चरण के लिए किया गया है। इन चरण में प्रत्यक्ष प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन 5 नवम्बर को रायपुर में किया गया है। इस सफलता के लिए प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर ने दोनों विद्यार्थियों को सफलता के लिए बधाई दी। इस क्वीज प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी डॉ. शंकरमुनि राय तथा महाविद्यालय के रजिस्ट्रार दीपक परगनिहा ने विद्यार्थियों को आगामी चरण के लिए शुभकामनाएं दी।

## बौद्धिक स्तर एवं ज्ञान को सही दिशा देना शिक्षकों की महती जिम्मेदारी : कलेक्टर

# अंगना म शिक्षा और स्मार्ट माता कार्यक्रम में राजनांदगांव जिला प्रदेशभर में अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले में शिक्षा की गुणवत्ता, बुनियादी साक्षरता तथा अन्य गतिविधियों के संबंध में बैठक ली। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि राजनांदगांव जिले में जनमानस में सामाजिक सरोकार की भावना है। यहां विभिन्न क्षेत्रों में विद्यार्थी चाहे वह खेल हो, शिक्षा, न्यायिक सेवा, प्रशासनिक सेवा, पुलिस अधिकारी, साहित्य एवं अन्य क्षेत्रों में अपना योगदान दे रहे हैं।

उन्होंने शिक्षकों से कहा कि बच्चों की सीखने की क्षमता में वृद्धि हुई है। उन्होंने देश के पूर्व राष्ट्रपति एवं प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पंक्तियों को स्मरण करते कहा कि सपने वो नहीं, जो आप सोते वक्त देखते हैं, सपने वो होते हैं जो आपको सोने नहीं देते। कलेक्टर ने अंगना में शिक्षा एवं स्मार्ट माता के अंतर्गत जिले को प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल करने पर शुभकामनाएं दी। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई के लिए सकारात्मक ऊर्जा होनी चाहिए। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता, बच्चों के सीखने का बुनियादी स्तर, पढ़ने के स्तर में सुधार, गणित के स्तर में सुधार, समग्र शिक्षा अंतर्गत संचालित योजनाएं, अंगना म शिक्षा, कबाड़ से जुगाड़, मुस्कान पुस्तकालय, शाला प्रबंध समितियों का गठन एवं प्रशिक्षण, घरेलू भाषा में शिक्षा, संपर्क डिवाइन के माध्यम से पढ़ाई सहित विभिन्न मुद्दों पर समीक्षा की।

### माताओं ने साझा किए अनुभव

इस दौरान स्मार्ट माताओं ने अपने अनुभव साझा किए। डोंगरगांव के ग्राम किरगी की स्मार्ट माता हितेश्वरी पटेल ने छत्तीसगढ़ी में बताया कि कोरोना के समय लईका मन के पढ़ई के चिंता हो गे रिहिस। स्कूल के शिक्षक मन घर म लईका मन ला पढ़ाए के विधि बताईस। जोड़ना, घटाना सब बताईस। खाना बनात-बनात भी मै ह अपन लईका मन ला पढ़ाए। वो मन ला टमाटर, आलू ल गिन के रखे बर केहेव। मोर लइका ह पहाड़ा याद कर लिस। श्रीमती मणेश्वर कंवर ने छत्तीसगढ़ी में बताया कि मै ह बाड़ी म लइका मन ला सब्जी के रंग और स्वाद के बारे म सिखाए। ग्राम चिचदो की मधु साहू ने बताया कि मोर लइका मन ह 32 तक के पहाड़ा सिख गे हे।

### बैग लैस डे में स्वच्छता अभियान

सीईओ सुरूचि सिंह ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा अंतर्गत बैग लैस डे में बच्चों ने स्वच्छता के लिए बहुत अच्छा कार्य किया है। आगे भी किशोरी बालिकाओं में एनिमिया की रोकथाम के लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में माताएं खुद ही अपने बच्चों को पढ़ा रही है। किसान एवं मजदूर अपने व्यवहारिक ज्ञान अपने बच्चों को बताएं।

# नव प्रवेशित छात्रों का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास महेश नगर राजनांदगांव के पूर्व अध्यक्ष एवं जनसंपर्क अधिकारी जिला बालोद चन्द्रेश ठाकुर ने कहा कि छात्रावास समाज के कमजोर एवं वंचित वर्ग के विद्यार्थियों के लिए संरक्षण स्थलीय एवं संस्कार भूमि है, जहां पर जीवन की बुनियादी तहजीब सिखलाई जाती है।

उन्होंने कहा कि छात्रावास में निवास करने वाले विद्यार्थी दुनिया के किसी भी स्थान पर सफलतापूर्वक अपना जीवनयापन कर सकता है। श्री ठाकुर 27 अक्टूबर को शासकीय पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास महेश नगर राजनांदगांव में आयोजित सत्र 2024-25 के नव प्रवेशित छात्रों के स्वागत समारोह के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता छात्रावास के पूर्व विद्यार्थी एवं सहायक खाद्य अधिकारी धरमू किरंगे ने किया। विशेष अतिथि छात्रावास के भूतपूर्व विद्यार्थी दिनेश रावटे, रायसिंह कोटपरिया, अविनाश तुलावी, नंदकिशोर धुर्वे, देवेन्द्र उइके, कमलेश मतलामे, भूतपूर्व अध्यक्ष रोहित घराना, बिट्टू कोमरे सहित छात्रावास के अध्यक्ष कैरल्स कोठारी, उपाध्यक्ष गोपाल धुर्वे, सचिव सुभाष सोरी, सह-सचिव प्रफुल्ल मंडावी, सलाहकार हर्षदीप, कोमल कोरेटी, अजय घावडे नितेश दुग्गा सहित बड़ी संख्या में वर्तमान एवं भूतपूर्व विद्यार्थीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथियों एवं छात्रावासी विद्यार्थियों द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर दिनेश रावटे, रायसिंह कोटपरिया एवं अन्य भूतपूर्व विद्यार्थियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते छात्रावास के गौरवशाली परंपरा को अक्षक्षुण बनाए रखने की अपील की।

उन्होंने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत कर अपने सपनों को साकार करने की समझाईश भी दी।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

# जागरूकता के अभाव में विलुप्त हो रहे विषहीन सर्प : गजेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शासकीय दिग्विजय कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर के मार्गदर्शन व विभागाध्यक्ष डॉ. किरण लता दामले के नेतृत्व में विश्व सरीसृप जागरूकता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. माजिद अली ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते डॉ. किरण लता दामले ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ देकर सम्मान करते मुख्य अतिथि का परिचय दिया तथा पर्यावरण एवं इकोसिस्टम के लिए उनके योगदान को इंगित किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रसिद्ध सरीसृप वैज्ञानिक डॉ. एचकेएस गजेन्द्र शामिल थे। डॉ. गजेन्द्र ने अपने व्याख्यान में बताया किसांपों की उत्पत्ति पहली बार लगभग 128 मिलियन वर्ष पहले दक्षिणी गोलार्ध के गर्म, वनीय पारिस्थितिकी तंत्र में भूमि पर हुआ था। वे संभवतः प्राचीन महाद्वीप लॉरेशिया से आए थे। ये अपनी जीभ से तथा अपने मुंह की छत में स्थित जैकबसन ऑर्गन से गंध सूंघते हैं। वे अपने आसपास के अन्य जानवरों की गर्मी का पता लगा सकते हैं।

सांप अपने निचले जबड़े से जमीन पर होने वाले कंपन को महसूस कर सुनते हैं। सांपों की पलकें नहीं होती, बल्कि उनके पास एक पारदर्शी परत होती है, जो उनकी आंखों की रक्षा करती है और उन्हें खुली आंखें रखकर सोने में मदद करती है। उनके निचले जबड़े लचीले होते हैं, जिससे वे अपनी खोपड़ी से 75 से 100 प्रतिशत बड़े आकार के जीवों को भी निगल सकते हैं।

डॉ. गजेन्द्र ने बताया कि दुनियाभर में सांपों की 3,700 से अधिक प्रजातियां हैं। अस्तित्व में मौजूद कुछ सबसे विषैले सांप समुद्र में रहते हैं। सांप का जहर शिकार को स्थिर कर देता है और मांस को तोड़कर पाचन में सहायता करता है। सरीसृप इकोसिस्टम के खाद्य जाल में एक महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। यदि सरीसृप ना हो तो पूरा एक सिस्टम ध्वस्त हो जाएगा तथा मनुष्य का पृथ्वी पर जीवित रहना कठिन हो जाएगा। अनजाने में हम सांपों को मार देते हैं। जबकि 97 प्रतिशत सांप ऐसे होते हैं, जिनके काटने से मनुष्य की मृत्यु नहीं हो सकती, केवल तीन प्रतिशत सिर्फ ऐसे हैं, जिनके काटने से मनुष्य की मृत्यु होती है, किंतु सांप मनुष्य पर तभी हमला करता है, जब उसे अपनी जान का खतरा होता है। अनजाने में हम सभी सांपों को खतरनाक समझकर मार देते हैं, जो सीधे अपने पर्यावरण को हम नुकसान पहुंचाते हैं।

डॉ. गजेंद्र ने सांप काटने पर सर्वप्रथम क्या प्राथमिक उपचार करना चाहिए तथा उसे कैसे बचाव करना चाहिए, चलचित्रों के माध्यम से छात्रों को समझाया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. संजय ठिसके ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में प्रो. गुरप्रीत सिंह भाटिया, प्रो. चिरंजीव पांडेय, प्रो. करुणा रावटे, एसएल देवांगन, राहुल देवांगन, रितेश भांडेकर, सुमन रामटेके, प्रिया जायसवाल, मीनाक्षी देवांगन तथा एएससी पूर्व अंतिम के समस्त विद्यार्थी एवं स्नातक स्तर के 500 से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# गांवों में हुआ एनीमिया रोकथाम शपथ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में विशेष ग्रामसभा के अवसर पर जिले के समस्त ग्रामों तथा ग्राम पंचायत में आयोजित ग्रामसभा में एनीमिया रोकथाम शपथ का आयोजन किया गया। एनीमिया रोकथाम शपथ कार्यक्रम में स्वास्थ्य कार्यकर्ता, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, मितानिन प्रशिक्षक, मितानिन की उपस्थिति में पंचायत प्रतिनिधि, पंचायत सचिव, ग्रामवासियों द्वारा एनीमिया रोकथाम हेतु शपथ ली गई।

उल्लेखनीय है कि 0 से 59 माह के बच्चों को निःशुल्क विफएस सीरप, किशोर बालक बालिका को आईफए टेब, गर्भवती माताओं को रेड आईफए टेब का सेवन करने से शारीरिक एवं मानसिक विकास में सहायक होता है। समय पर एनीमिया जांच करने से आवश्यक उपचार निःशुल्क नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध हैं। जिले में कुपोषण मुक्ति के लिए पोट्ठ लईका पहल अभियान चलाए जाने से कुपोषण में कमी आई है। एनीमिया मुक्ति हेतु जनभागीदारी का विशेष महत्व है। निरंतर जागरूकता कार्यक्रम करने से लोगों में एनीमिया रोकथाम में विशेष कमी आई है। आयरनयुक्त खाद्य पदार्थों के सेवन से आयरन की कमी को दूर किया जा सकता है।



NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
10-15 साल की वारंटी के साथ
No. Extra Expenses
इस त्योहार बनाएं मॉड्युलर किचन आकर्षक ऑफर के साथ...
Gift Hamper up to 15000/-*
₹60,000 ₹90,000 ₹1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
6&7 फेन पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
बुकिंग प्रारंभ
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000

# कराते में गायत्री के छात्रों ने लहराया परचम

- खिलाड़ियों ने 3 स्वर्ण, 3 रजत तथा 7 कांस्य पदक पर किया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



रायपुर के सरस्वती शिक्षण संस्थान में विगत दिनों राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शाला के 12 खिलाड़ियों ने भी प्रतियोगिता में भाग लिया तथा शानदार प्रदर्शन करते 3 स्वर्ण, 3 रजत तथा 7 कांस्य पदक प्राप्त करते स्कूल के साथ-साथ संस्कारधानी को भी गौरवान्वित किया।

उपलब्धि प्राप्त कर लौटे खिलाड़ियों को प्रार्थना सभा में प्राचार्य शैलजा नायर व पिंकी खंडेलवाल ने बच्चों को मेडल पहनाकर तथा प्रमाण-पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

शाला के मार्शल आर्ट प्रशिक्षक जयप्रकाश साहू ने बताया कि स्वर्ण पदक प्राप्त खिलाड़ियों में मेहल राजगढ़, मोक्ष साहू व सिद्धांत मुंदड़ा रहे। रजत पदक प्राप्त खिलाड़ियों में काव्या शर्मा, अवनी खंडेलवाल तथा भावेश खरे रहे। इसी प्रकार कांस्य पदक विजेता खिलाड़ियों में मेहल राजगढ़, अवनी खंडेलवाल, मोक्ष साहू, खुश चांवड़ा, गौरव ठाकुर व योजस्व साहू रहे। इसी तारतम्य में राज्य स्तरीय कराते शालेय क्रीडा प्रतियोगिता जगदलपुर में आयोजित की गई थी। जिसमें स्वर्ण पदक विजेता सिद्धांत मुंदड़ा ने अंडर-17 राष्ट्रीय कराते शालेय क्रीडा प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया तथा प्रियंका चौगुले को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, शैलजा नायर, पिंकी खंडेलवाल, रश्मि ठाकुर, वंदना डुंभरे, अनिल वाजपेयी, तरणजीत सिंह टूटेजा, अखिलेश मिश्रा एवं शिक्षकों ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 29 अक्टूबर 2024
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया| डोंगरगढ़| खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा| कोलेगांव ]



**अनदेखी:** नगर का बस स्टैंड अपने नाम के अनुरूप प्रतीक्षा ही रह गया

# 10 साल बाद भी नगर के बस स्टैंड का निर्माण अधुरा, अब लागत भी बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ स.लोहारा

नगर पंचायत सहसपुर लोहारा के बहुप्रतिक्षित बस स्टैंड का निर्माण लगभग एक दशक से चल रहा है। बस स्टैंड निर्माण के लिए नगर पंचायत से जब टेंडर हुआ था तब इसकी लागत लगभग मात्र 17 लाख थी निर्माण में देरी के चलते लागत बढ़ते-बढ़ते लगभग 30 लाख तक पहुंच गई। लाखों की लागत से बने इस बस स्टैंड का कोई अधिकृत तौर पर नामकरण तो नहीं किया गया है लेकिन भगवान जाने किसने क्या सोंच कर इसका प्रतीक्षा रख दिया है। जो आज अपने नाम के अनुरुप प्रतीक्षा ही रह गया। पूर्व में कांग्रेस की सरकार बनते ही नगर पंचायत के द्वारा 18 फरवरी 2020 को आनन-फानन में क्षेत्रिय विधायक, खाद्य एवं वन मंत्री मोहम्मद अकबर भाई के हांथों इस आधे-अधूरे प्रतीक्षा नामक बस स्टैंड का लोकार्पण करा दिया गया था। लोकार्पण के बाद भी बसों का इस बस स्टैंड में रुकना तो दूर, नगर पंचायत सहसपुर लोहारा के द्वारा बसों का इस बस स्टैंड में घुसना भी शुरू नहीं करवाया जा सका। नतीजतन आज भी यात्री बसें नगर से गुजरने वाले मुख्य मार्ग के किनारे ही खड़ी होकर सवारियों को चढ़ाती और उतारती है। जबकि मुख्य सड़क के किनारे बसों के रुकने से अन्य वाहनों के गुजरने में काफी दिक्कत होती है और जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। जाम का नजारा मंगलवार को साप्ताहिक बाजार के दिन आम बात है। जाम के हालात में अनेकों बार एम्बुलेंस, 108 आदि को भी फंसे हुए देखा जा सकता है। यहां बताना लाजिमी होगा कि कवर्धा से सहसपुर लोहारा होकर गुजरने वाली बसें दुर्ग, राजनादगांव, डोंगरगढ़, रायपुर, हैदराबाद, नागपुर, चंद्रपुर, पुणें, जैसी महानगरों के लिए जाती हैं। आज भी सभी बसें अस्थाई बस स्टैंड में ही रुकती हैं। प्रतीक्षा बस स्टैंड को छोड़ कर सहसपुर लोहारा से गुजरने वाली बसें नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न जगहों में रुकती हैं।




**बस स्टैण्ड परिसर में सजा है पटाखा बाजार**

यहां बताना लाजिमी होगा कि लाखों की लगात से बने इस प्रतिक्षा बस स्टैण्ड में बसें तो रूकती नहीं है संभवतः इसी वजह से यहां वर्तमान में नगर पंचायत स. लोहारा ने पटाखा बाजार सजवा दिया है। वर्षो से खाली पड़े इस बस स्टैण्ड इस समय कई पटाखा दुकाने लगी है जहां लोग बसों की यहां करने नही बल्कि पटाखा खरीदने जा रहे हैं।

### अब तक खर्च की जा चुकी है एक करोड़ से अधिक की राशि

लोकार्पण के बाद बस स्टैंड के चारों ओर फिर से लगभग 75 लाख की लागत से कांक्रीट करण का कार्य करवाया गया। बावजूद इसके बीते 05 सालों में इस प्रतीक्षा बस स्टैंड में बसों का रुकना शुरू नहीं हुआ है। कारण मूलभूत सुविधाओं का ना होना बताया जाता है। नगर पंचायत सहसपुर लोहारा के प्रतीक्षा बस स्टैंड के अगल बगल में वर्षों पहले बस स्टैंड निर्माण के पूर्व ही व्यापारियों के लिए लाखों की लागत से व्यवसायिक काम्प्लेक्स भी बनाए गए हैं जिनमें अधिकांश आज भी खाली पड़े हैं। वहीं कई दुकानदार प्रशासनिक कार्रवाई में सड़क निर्माण के समय दुकानें टूटने के बाद सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण कर दुकान बनाकर अपना जिवकोपार्जन कर रहे हैं। माना जा रहा है कि प्रतीक्षा बस स्टैंड निर्माण के पूर्व यहां बने व्यवसायिक काम्प्लेक्स में तोड़ फोड़ से प्रभावित दुकानदारों का व्यवस्थापन कर दिया जाता तो नगर की सुंदरता भी देखते बनती और व्यापरी भी लगन से अपना व्यापार कर सकते थे मगर ये नहीं किया गया। वर्तमान की भाजपा सरकार मुख्यमंत्री, क्षेत्रिय विधायक गृहमंत्री उप मुख्यमंत्री से लोगों को अपेक्षाएं हैं कि सहसपुर लोहारा से गुजरने वाली बसों का नए बस स्टैंड में रुकना प्रारम्भ हो और इस बस स्टैंड को सर्व सुविधा युक्त करके सभी रुटों की बसों का संचालन इस बस स्टैंड से शुरू किया जाए।

# आज धनतेरस के साथ दीपोत्सव पर्व की श्रृंखला प्रारंभ, बाजार में रौनक



■ लक्ष्मी उत्सव समितियों द्वारा तैयारियों को दिया जा रहा है अंतिम रूप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

हिन्दु पर्वो के महापर्व दीपावली की तैयारियों को लोगों द्वारा अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस बार 31 अक्टूबर को पड़ने वाले दीपावली के त्यौहार के मद्देनजर घरों व प्रतिष्ठानो की लिपाई-पुताई व साफ-सफाई के बाद अब लोगों की खासी चहलकदमी बाजार में नजर आ रही है। जहां वे त्यौहार में उपयोगी साजो सामान से लेकर ना-ना प्रकार की चीजों की खरीदी कर रहे हैं। पर्व को लेकर लोगों के इस उत्साह को देखते हुए बाजार भी पूरी तरह खरीददारों की मांग व पसंद के अनुरूप सजा दिया गया है। बाजार में दीपावली के लिए कपड़ा, सोना, चांदी, बर्तन, पूजन सामग्री, सजावटी सामग्री, पूजा-पाठ की सामग्री, रंगोली, पटाखा, मिठाई आदि की दर्जनो दुकाने सजाई गई है। जिनमें 29 अक्टूबर को दीपोत्सव के प्रथम त्यौहार धनतेरस के रोज से लोगों की भीड़ उमड़ने लगेगी। त्यौहारों की कड़ी में 29 अक्टूबर को धनतेरस, 30 अक्टूबर को नरक चतुर्दशी, 31 अक्टूबर को दीपावली तथा दो नवम्बर को गोवर्धन पूजा मनाई जाएगी। यहां बताना लाजिमी होगा कि दीपोत्सव के इन सभी पर्वो में धनतेरस का भी अपना अलग महत्व है। इस दिन लोगों द्वारा कोई न कोई नया सामान खरीदने की परम्परा है। वहीं इस दिन धन की देवी मां लक्ष्मी की विधि विधान से पूजा अर्चना करने तथा दीप प्रज्जवलित करने की मान्यता है।

### अंचल में स्थापित की जाती है मां लक्ष्मी की प्रतिमाएं

धर्म नगरी कवर्धा सहित समूचे अंचल में धनतेरस के दिन से ही मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित करने की परम्परा है। यहां हर साल बड़ी संख्या में लक्ष्मी उत्सव समितियों द्वारा भगवान भगणे तथा मां दुर्गा की तरह आकर्षक पण्डाल बनाकर धनतेरस के दिन मां लक्ष्मी की प्रतिमाएं भी स्थापित की जाती है। जिसकी तैयारियां समितियों द्वारा लगभग पूरी भी कर ली गई है। अब इन समितियों द्वारा मंगलवार को धनतेरस के रोज मूर्तिकारों के यहां से मां लक्ष्मी की प्रतिमाएं लाकर विधि विधान से पण्डालों में स्थापित की जाएंगी और दीपावली तक मां लक्ष्मी की नियमित रूप से पूजा अर्चना व आरती की जाएगी। तत्पश्चात दीपावली के बाद इन प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### छात्रों की मासिक आकलन परीक्षा आयोजित

**कवर्धा।** जिला मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित बोडला ब्लॉक के ग्राम पंचायत राम्हेपुर कला के शासकीय प्राथमिक स्कूल रामहेपुर कला में अक्टूबर माह में मासिक आक्लन परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपने प्रतिभा को दिखाएं बता दे की पहले से लेकर पांचवी तक छात्रों की दर्ज संख्या 93 है जिसकी अवटूबर माह में मासिक आकलन परीक्षा आयोजित किया गया ताकि छात्र छात्राओं की शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर गुणवत्ता आ सके। कार्यक्रम में उपस्थित प्रधान पाठक समीमुददीन कुरैशी, सहायक शिक्षक सीताराम बाझीकर, सहायक शिक्षिकाएं सारिका मिश्रा उपस्थित थे।

### सायकल रैली का किया गया आयोजन

**कवर्धा।** गो ग्रीन के अंतर्गत गत दिनो शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खम्हरिया संकुल रेंगाखार कला में शिक्षक एवं बच्चों के द्वारा मिलकर सायकल रैली का आयोजन किया गया। जिसमे स्कूल से लेकर पूरे गांव में भ्रमण किया गया। जिसका उद्देश्य लोगो में पर्यावरण के प्रति जागरूकता जगाना था। आज वर्तमान समय में पेड़ों को अंधाधुध कटाई से वन विलुप्ति के कगार पर है। कार्यक्रम शिक्षक हिरवन सोनवानी के मार्गदर्शन एवं देखरेख में आये जित हुवा। शिक्षिका प्रौति सोनवानी का भी इस कार्यक्रम में विशेष सहयोग रहा।

# 31 अक्टूबर या 1 नवंबर आखिर कब है दिवाली?

## लक्ष्मी पूजन को लेकर भ्रम की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

इस साल दीपावली के दिन-तारीख को लेकर लेकर लोगों में भ्रम की स्थिति देखने को मिल रही है। कोई 31 अक्टूबर तो कोई 1 नवंबर को दिवाली का पर्व बता रहा है। वैसे परम्परा के अनुसार हर साल कार्तिक अमावस्या के दिन दिवाली का त्योहार मनाया जाता है। यह हिंदू धर्म के सबसे महत्वपूर्ण और प्रसिद्ध त्योहारों में से एक है।

दिवाली मुख्य रूप से भगवान राम के अयोध्या लौटने की खुशी में मनाई जाती है। इस दिन भगवान राम 14 वर्ष का वनवास काटकर आयोध्या वापस लौटे थे। इसी खुशी में अयोध्या वासियों ने पूरी नगरी को दीपों से सजाया था। तभी से इस त्योहार को मनाने की परंपरा चली आ रही है। इस साल दीपावली के दिन-तारीख को लेकर भ्रम की स्थिति देखने को मिल रही है।

लेकिन जयपुर के केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय विद्वत परिषद द्वारा आयोजित धर्मसभा में इस भ्रम को दूर किया है। धर्म सभा में प्रतिष्ठित विद्वानों, ज्योतिषाचार्यों और धर्मशास्त्राचार्यों ने ज्योतिषीय गणनाओं और शास्त्रीय परंपराओं का पूरा ध्यान रखते हुए सर्वसम्मति से यह फैसला लिया है कि इस वर्ष दीपावली 31 अक्टूबर को ही मनाई जाएगी। इस सभा में कार्तिक अमावस्या और लक्ष्मी पूजन के लिए 31 अक्टूबर को शास्त्रसम्मत माना गया है। विद्वानों और ज्योतिषाचार्यों ने यह भी कहा कि 31 अक्टूबर को दीपावली मनाने को लेकर कोई विवाद नहीं है। दृश्यपक्ष की गणना में भी 31 अक्टूबर को ही दीपावली सिद्ध होती है। धर्मशास्त्रों के अनुसार 1 नवंबर को प्रदोष काल में केवल कुछ मिनट ही अमावस्या तिथि रहेगी। ऐसे में लक्ष्मी पूजा का समय नहीं मिलेगा। जबकि 31 अक्टूबर को प्रदोष काल व अर्धरात्रि दोनों में अमावस्या के चलते दीपावली इसी दिन मनाना उचित है।



केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के निदेशक प्रो. सुदेश शर्मा ने कहा कि 31 अक्टूबर को अमावस्या का प्रवेश प्रदोष काल में हो जाता है और प्रदोष आते ही दीपावली की रात्रि शुरू हो जाती है। वृष लग्न आ जाता है। ब्रह्म पुराण के अनुसार, राजा बलि के कारागार से मुक्त होकर लक्ष्मी बिल्कुल स्वच्छंद होकर आधी रात में प्रत्येक घर-घर जाती हैं। अमावस्या की आधी रात जिसका भी घर खुला हुआ है, उस घर में लक्ष्मी निवास करती हैं। इसलिए संपूर्ण देश के विद्वानों की सहमति से दीपावली 31 अक्टूबर को ही मनाई जाएगी।

**दीपावली की तिथि और मुहूर्त**

इस वर्ष दीपावली का पर्व 31 अक्टूबर 2024 को मनाया जाएगा। जयपुर के केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में अखिल हिंदू पंचांग के अनुसार, इस साल अमावस्या तिथि 31 अक्टूबर को दोपहर 3 बजकर 52 मिनट से लेकर 1 नवंबर को शाम 6 बजकर 16 मिनट तक रहेगी। ऐसे में 31 अक्टूबर की रात को अमावस्या तिथि विद्यमान रहेगी। इसलिए 31 अक्टूबर की रात को ही दीपावली का त्योहार तर्कसंगत है।

# दीपावली पर नहीं हो रही धूल मिट्टी से अटी पड़ी शहर की सड़कों की साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

दीपावली का त्यौहार नजदीक है और नगरवासी अपने घर आंगन को साफ सुथरा करने में जुटे हुए हैं। घरों की रंगाई, पुताई, साज-सज्जा का काम जोरों से चल रहा है। लेकिन जहां तक कवर्धा नगरीय क्षेत्र की बात की जाए तो नगर पालिका प्रशासन द्वारा शहर से गुजरने वाली मुख्य सड़कों की समुचित साफ-सफाई नहीं किए जाने के कारण प्रायः सभी सड़के धूल से पट चुकी हैं। जिससे वाहन चालकों को तो परेशानियों का सामना करना ही पड़ रहा है साथ ही सड़क किनारे निवासरत लोगों व दुकानदारों को भी इसका कई रूपों में खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। बात अगर नगर से गुजरने वाले सहसपुर लोहारा मार्ग की, कि जाए तो स्थानीय लोगों के मुताबिक शहर के भीतर सड़क की कई दिनों से साफ-सफाई नहीं की गई है यहां तक की दीपावली पर्व के मौके पर भी सड़कों की साफ-सफाई नहीं जा रही है। जिसके चलते करीब 60 फीट चौड़ी इस सड़क के दोनों और करीब करीब 15 से 20 फीट की सड़क में धूल, मिट्टी की मोटी परत जम गई है। सड़क में लगातार जम रही इस धूल, मिट्टी से जहां छोटे वाहनो के फिसलकर दुर्घटना ग्रस्त होने का खतरा बना हुआ है वहीं बड़े वाहनो के सड़क से गुजरने पर धूल के गुबार उठते हैं जो वाहन चालकों के साथ सड़क किनारे बसे लोगों और दुकानदारों के लिए परेशानी खड़ी कर रहे हैं। इसके अलावा धूल मिट्टी से डामरीकृत सड़कों को भी नुकसान पहुंच रहा है। ऐसे में लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से नगर की समुचित साफ सफाई कराए जाने की मांग की है।



## माय भारत विथ दिवाली पर स्वच्छता का किया गया आयोजन ...

**कवर्धा।** नेहरू युवा केन्द्र कवर्धा (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) एंव कंफडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेड कवर्धा, चैम्बर ऑफ कॉमर्स कवर्धा के तत्वधान में दीवाली विथ माय भारत के अंतर्गत स्वच्छता अभियान का आयोजन गुरूगोविंद चौक में किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उदेद्श्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर अपने आस-पास सफाई करने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में चेम्बर आफ कामर्स के सभी पदाधिकारी, संत कबीर कृषि महाविद्यालय कवर्धा के माय भारत वालंटियर्स ने बाजार स्थल पर साफ-सफाई किया। कायक्रम के बाद चैम्बर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष आकाश आहूजा ने कार्यक्रम की सहारना करते हुए सभी से स्वच्छता बनाये रखने का आग्रह किया।




**कलेक्टर ने भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर की चर्चा**

# किसानों को भी मिलेगी फसल कटाई प्रयोग के पंचनामा की प्रति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया। बैठक में किसानों की विभिन्न मांगों और समस्याओं पर चर्चा की गई। भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधियों ने किसानों के हित में उठाए जाने वाले कदमों के संबंध में अपनी मांगें और समस्याएं कलेक्टर के समक्ष रखीं। किसानों ने फसल कटाई के प्रयोग के संबंध में आने वाली समस्या के संबंध में अवगत कराया। कलेक्टर श्री वर्मा ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए किसान संघ के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि अब पटवारी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी फसल कटाई प्रयोग की ग्राम में पूर्व सूचना देंगें एवं फसल कटाई प्रयोग का पंचनामा तैयार करेंगें। फसल कटाई प्रयोग का ग्राम के प्रमुख को पंचनामा की एक प्रति भी देंगें। इसके साथ ही फसल कटाई प्रयोग का शीघ्र ही डाटा आनलाईन अपलोड करेंगें, जिससे कि किसी भी प्रकार के आरोप, प्रत्यारोप से बचा जा सके। इस दौरान किसानों के प्रतिनिधियों ने अवगत कराया कि पटवारियों के द्वारा फसल कटाई प्रयोग में रेण्डम नम्बर से फसल कटाई करते है, जिससे की बीमा कंपनियों को अप्रत्यक्ष रूप से लाभ होता है और किसानों को प्राकृतिक प्रकोपों एवं कीट इत्यादि के प्रकोपों से अनावारी अधिक बताए जाने के कारण शासन की योजनाओं का लाभ नही मिल पाता है। उन्होंने कहा कि फसल कटाई प्रयोग के पूर्व सूचना मिलने से किसान उपस्थित हो सकेंगे और पंचनामा की एक कापी मिलने पर सहूलियत होगी, जिससे किसानों को लाभ होगा। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के प्रमुख पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी और संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।



# उत्कृष्ट प्रधान पाठक सम्मान से सम्मानित हुए विजय कुमार लंझियाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान समारोह 2024 का आयोजन संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग में गत दिनो किया गया। जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दुर्ग संभाग स्तरीय व्याख्याता, प्राचार्य, प्रधान पाठक, पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्रधान पाठक प्राथमिक शाला का सम्मान किया गया। इसी कड़ी में नवाचार, बालिका शिक्षा, सामाजिक सहभागिता, शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम एवं पर्यावरण के क्षेत्र में बागवानी एवं वृक्षारोपण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए मुख्य अतिथि सत्यनारायण राठौर संभाग आयुक्त दुर्ग संभाग दुर्ग, विशिष्ट अतिथि श्री वर्मा सेवा निवृत्त उपसंचालक एवं आरएल ठाकुर संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग के कर कमलो से विजय कुमार लंझियाना को उत्कृष्ट प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला सम्मान-2024 प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं साल श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस सम्मान के लिए विद्यालय के बच्चे, शिक्षक, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्य, पालक, संकुल, विकासखंड एवं जिला शिक्षा अधिकारी एवं मित्रों ने हर्ष व्यक्त किए।



हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 29 अक्टूबर 2024



### लाखों की मशीनों का नहीं मिल रहा लाभ

## ओपन जिम की दुर्दशा पर ध्यान नहीं, मशीनें भी हो गई कबाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लाखों रुपए खर्च कर नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न उद्यानों और सार्वजनिक जगहों पर ओपन जिम निर्माण कराया गया है, लेकिन इसके रखरखाव की दिशा में ध्यान नहीं दिए जाने के चलते शहर के लगभग सभी जगह की ओपन जिम की मशीन कबाड़ हो गई है।

लोगों को बेहतर स्वास्थ्य देने के उद्देश्य से शहर के विभिन्न उद्यानों और सार्वजनिक स्थानों पर ओपन जिम का निर्माण कराया गया है। शहर के लगभग दो दर्जन से अधिक जगहों पर ओपन जिम बनाते हुए प्रत्येक ओपन जिम में 5 से 6 वर्जिश मशीनें लगाई गई है, जो कुछ वर्षों में ही टूटने लगी। इन मशीनों के रखरखाव को लेकर ध्यान नहीं दिए जाने के चलते शहर के अधिकांश जगहों पर लगी ओपन जिम की मशीनें अब कबाड़ हो चुकी है। सुबह और शाम सैर पर निकलने वाले लोग इस जिम में हल्की-फुल्की वर्जिश किया करते थे, लेकिन इन टूटी मशीनों को नहीं बनाने के चलते अब इनका उपयोग भी बंद हो गया है।



### नहीं हो रहा उपयोग

ओपन जिम बनाने के बाद इसकी देखरेख और सुरक्षा के लिए जिम्मेदारी नहीं तय किए जाने के चलते सभी जगह के ओपन जिम अब उपयोग से बाहर हो गए हैं।

### मशीनों के पुर्जे हो गए चोरी

शहर के नेहरू उद्यान, शिवाजी पार्क, इंदिरा सरोवर, नवागांव, गौरीनगर स्कूल मैदान सहित अधिकांश जगहों पर लगी ओपन जिम की मशीनें कई महीनों से टूटी पड़ी हुई है। कई जगह से असामाजिक तत्वों द्वारा इन मशीनों के टूटे पुर्जों की चोरी भी कर ली गई है।



### मरम्मत कार्य की आवश्यकता

शहर के विभिन्न जगहों पर बनाए गए ओपन जिम में कई जगह की मशीनों में मामूली मरम्मत कार्य की जरूरत है। इसके बाद भी इन मशीनों की मरम्मत नहीं कराई जा रही है। लाखों रुपए की लागत से मशीनें लगाकर छोड़ दी गई है, लेकिन वर्षों बाद अब कई जगह में इन मशीनों को मरम्मत की जरूरत है, जिस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। स्थानीय लोगों द्वारा कई बार संबंधित पार्षदों से मरम्मत कार्य को लेकर मांग की, लेकिन ओपन जिम की मशीनों का मरम्मत नहीं कराया गया है। जिसके चलते मशीन टूट-फूट रही है।

## खराब फसल लेकर पहुंचे किसान क्षतिपूर्ति राशि के लिए लगाई गुहार

**राजनांदगांव।** घुमका तहसील क्षेत्र में फसल खराब होने की शिकायत लेकर लगातार अलग-अलग गांव से किसान कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंच रहे हैं। इस क्षेत्र में सैकड़ों किसानों की हजारों एकड़ धान की फसल खराब हो चुकी है। आज घुमका क्षेत्र के नागलदाह से किसान कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे और यहां उन्होंने कृषि विभाग के एक अधिकारी की टेबल पर अपनी बर्बाद हुई फसल को रखते हुए क्षतिपूर्ति राशि दिलाए जाने हेतु कलेक्टर के नाम आवेदन सौंपा है।

इस दौरान ग्राम नागलदाह के किसान सनत कुमार साहू, बीरबल साहू, नूतन साहू, आत्माराम साहू और देवचरण साहू ने कहा कि उनके क्षेत्र में लगभग 700 एकड़ में लगी धान की फसल खराब हो गई है।

**आर्थिक और मानसिक परेशानी**

क्षतिपूर्ति मांग को लेकर दिए गए ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने कहा है कि धान की फसल कीट-माहू एवं चूसक कीट लगने की वजह से खराब हो गई है। जिससे किसानों को आर्थिक एवं मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## कार से शराब की तस्करी 350 पौवा देशी संत्री जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महाराष्ट्र निर्मित शराब की अवैध रूप से तस्करी की जा रही थी। जिसकी सूचना पर पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक कार को पकड़ा। जिसमें 350 पौवा देशी संत्री शराब बरामद किया गया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि एक कार में महाराष्ट्र निर्मित शराब का तस्करी किया जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीताम्बर पटेल, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अंबागढ़ चौकी ताजेश्वर दीवान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चिल्हाटी उप निरीक्षक रविशंकर डहरिया के नेतृत्व में 28 अक्टूबर को थाना चिल्हाटी के ग्राम चिल्हाटी के आबकारी नाका के पास पुलिस टीम द्वारा आने-जाने वाले वाहनों को चेक किया गया।

**चेकिंग के दौरान पकड़ाया**

चेकिंग के दौरान वाहन मारूती जेन कार में 350 पौवा देशी संत्री शराब महाराष्ट्र निर्मित शराब शील बंद कुल मात्रा 63 बल्क लीटर कीमती 26250 रुपए एवं वाहन को जब्त कर आरोपी कनस कुमार उईके 29 साल साकिन हथरेल के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्रवाई में सउनि रत्थूलाल नेताम, प्रधान आरक्षक शेख आजम, डीगेश्वर नेताम, नरेन्द्र ठाकुर, आरक्षक राजेश कर्पे, मन्नूराम नेताम, जवाहर पाटिल, महिला आरक्षक नेहा साहू का सराहनीय योगदान रहा।

## बदहाल कानून व्यवस्था पर कांग्रेस ने सरकार को घेरा

- बलरामपुर पुलिस कस्टडी में युवक की मौत का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था और बढ़ते अपराधों का हवाला देकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रेस क्लब भवन में पत्रकारवार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार को घेरा गया। इस दौरान प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीमती शारदा तिवारी, श्रीकिशन खंडेलवाल, पंकज बांधव, प्रदेश कांग्रेस सचिव मेहुल मारू, शहर कांग्रेस महामंत्री अमित चंद्रवंशी, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली मौजूद थे।

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की चीज नहीं बची है। कानून व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ चुकी है। प्रदेश में आपराधिक मामले लगातार बढ़ रहे हैं, जिसे रोकने के लिए प्रदेश के भाजपा सरकार पूरी तरह फेल हो चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भय-आतंक का माहौल बना हुआ है। लूट, डकैती, हत्या जैसी वारदातें लगातार बढ़ रही है। जिससे कानून व्यवस्था की स्थिति बदतर हो गई है।

### कांग्रेस ने की जांच की मांग




कांग्रेस द्वारा बलरामपुर थाना में हुए इस संदिग्ध मौत के मामले में उच्च न्यायालय के जज की निगरानी में जांच कराए जाने की मांग की गई है। वहीं इस पूरे मामले में पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी तथा टीआई की भूमिका संदिग्ध नजरआने पर उन सब के खिलाफ तत्काल कार्रवाई किए जाने, मृतक के परिवार को 1 करोड़ मुआवजा दिए जाने के साथ ही उन्होंने प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए मुख्यमंत्री और गृह मंत्री से इस्तीफा देने की मांग की है।

### चार दिनों से रखा हिरासत में

प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान कुलबीर सिंह छाबड़ा ने बलरामपुर में पुलिस कस्टडी में एक युवक गुरूचरण मंडल की मौत के मामले को लेकर कहा कि मृतक गुरुचरण की मौत पुलिस थाना के बाथरूम में फांसी लगने से हुई है। उन्होंने कहा कि सारे तथ्य बताते हैं कि युवक की मौत पुलिस पिटाई से हुई है। मृतक को उसके पिता के साथ उसकी पत्नी के लापता होने के संबंध में पूछताछ के लिए पुलिस थाना बुलाया गया था।







## दुर्गम बुकमरका तक सड़क निर्माण कांग्रेस की देन

# विधायक ने दी ग्रामीणों को जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

विधायक इंद्रशाह मंडावी ने सोमवार को जिले के सबसे दूरस्थ और दुर्गम स्थान कोराचा पंचायत के आश्रित ग्राम बुकमरका का दौरा किया। नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत हितग्राही मूलक योजनाओं का निपटान शिविर ग्राम बुकमरका ग्राम पंचायत कोराचा में आयोजित किया गया था।

शिविर के दौरान विधायक मंडावी ने ग्रामीणों से सीधे सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में वन-टू-वन पूछताछ किया एवं त्वरित स्टालों में भेजकर निराकरण कराया। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि बुकमरका विधानसभा क्षेत्र में एक ऐसा गांव था, जहां अब तक सड़क नहीं थी, जनसुविधाएं नहीं थी, परंतु कांग्रेस सरकार में पहाड़ी को काटकर आपके गांव तक सड़क बनाई गई है। सामुदायिक भवन का निर्माण हुआ है, दूरसंचार के साधन हुए हैं, क्षेत्र के ग्रामीण मुख्यालय से जुड़ पाए हैं, ये सब हम अभी देख पा रहे हैं। जबकि भाजपा के 15 साल के शासनकाल में क्षेत्र का कभी सुध नहीं लिया गया। शिविर के दौरान विधायक ने जरूरतमंद ग्रामीणों को कंबल का वितरण किया। साथ ही बिस्किट का भी वितरण किया।

जनपद पंचायत मानपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मोहम्मद हनीश खान ने नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत हितग्राही मूलक योजनाओं के बारे में बताया कि शिविर में वृद्धावस्था पेंशन, नवीन राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, श्रमिक पंजीयन कार्ड बनाने हेतु स्टॉल लगा हुआ है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग का भी स्टॉल लगा हुआ है। साथ ही समय-समय पर शिविर का आयोजन होता रहेगा। शिविर में ग्रामीणों ने बारी-बारी से अपनी समस्याओं को बताया एवं शिविर का लाभ लिया।



### सामुदायिक भवन एवं सीसी सड़क की घोषणा

विधायक ने ग्रामीणों की मांग अनुसार बुकमरका में गढ़माता मंदिर निर्माण 2 लाख तथा करवेटोला में सीसी सड़क निर्माण हेतु एक लाख की घोषणा किया। इसी तरह ग्राम संबलपुर में 15वे वित्त (जनपद पंचायत) से स्वीकृत सीसी सड़क निर्माण 1.70 लाख का भूमिपूजन भी किया।

### क्षतिग्रस्त पुल का किया निरीक्षण

विधायक ने क्षेत्र में भ्रमण के दौरान कोराचा से बुकमरका मार्ग पर गट्टेगहन में क्षतिग्रस्त पुलिया का निरीक्षण एवं निर्माण एजेंसी के विरुद्ध गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण पर कार्रवाई करने तथा फाइन लगाने हेतु विभागीय पत्राचार करने हेतु अपने निज सहायक को निर्देशित किया।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष दिनेश शाह मंडावी, जनपद सदस्य छाया उईके, प्रवक्ता देवानंद कौशिक, विधायक प्रतिनिधि रामकेवल विश्वकर्मा, सरपंच प्रमिला तुलावी, ग्राम पटेल अनतूराम दुग्गा, ग्राम ठाकुर चमरूराम दुग्गा, गट्टेगहन पटेल, मानसिंह तुलावी, संबलपुर पटेल तलवार सिंह, पुगदा पटेल, बिसरूराम कड़ियाम, सनारोबाई सरपंच ढब्बा, मंगतराम दुग्गा, महेंद्र दुग्गा, तेजकुंवर दुग्गा, सिरमोबाई दुग्गा, प्रमिला जाड़े, दुर्गुराम कड़ियाम, दिलीप दुग्गा, जयकोबाई नेताम, पुरन ऊईके, रशीद खान, अवेंद्र शाह सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। विधायक ने कहा कि वनांचल क्षेत्र के विकास में कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने बड़ा बदलाव लाया है। इसी का नतीजा है कि मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला छत्तीसगढ़ के नक्शे में अस्तित्व में आया। जिससे जिला मुख्यालय की दूरी अब 50 किमी रह गई है। कांग्रेस की सरकार ने पिछले कार्यकाल में स्कूल, सड़क, पुल-पुलिया, नल-जल सहित मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति किया है। बुकमरका तक अतिशीघ्र विद्युत विस्तार का भी कार्य हो जाएगा। अंतिम गांव के विकास में आवागमन का महत्वपूर्ण भूमिका होता है, जिसे कांग्रेस सरकार ने पूरा किया है। मेरा सदैव प्रयास रहेगा कि आने वाले दिनों में दूरस्थ अंचल विकास के नए आयाम स्थापित करेगा।

## पेंशनरों की मासिक बैठक आयोजित

राजनांदगांव। पेंशनर्स एसोसिएशन छग प्रदेश की मासिक बैठक 20 अक्टूबर को ठाकुर प्यारेलाल स्कूल में आयोजित किया गया। बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष यशवंत देवान के मुख्य आतिथ्य में अन्य जिलों के जिलाध्यक्षों एवं प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति रही। बैठक में रायपुर से 6, धमतरी से 8, भाठापारा से 10, खैरागढ़ से 12 पेशनर्स, डोंगरगांव से 3, घुमका से 5, ग्रामीण इकाई से 10 तथा नगर ईकाई से 25 सदस्य बैठक में शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला अध्यक्ष अनिल शर्मा, संरक्षक निसार अहमद, यशंवत देवान, प्रांतीय अध्यक्ष विद्यादेवी साहू, जिला अध्यक्ष रायपुर खुमान सिंह वर्मा, जिला अध्यक्ष भाठापारा वीरेन्द्र कुमार नाग, जिला अध्यक्ष धमतरी ए. कुजुर, जिलाध्यक्ष चौकी-मोहला-मानपुर, खैरागढ़ जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र अग्रवाल, डोंगरगांव तहसील अध्यक्ष ज्योतिषराम यादव तथा राजनांदगांव ग्रामीण अध्यक्ष रमेश सिन्हा द्वारा सरस्वती वंदना की गई।

कार्यक्रम के अध्यक्ष अनिल शर्मा द्वारा यशवंत देवान का पुष्पाहार एवं अबीर गुलाल लगाकर स्वागत सत्कार किया गया। अन्य जिलों एवं तहसील से पधारे पेशनरों का भी स्वागत किया गया। नए पेंशनर देवेश सिंह राजपूत का भी स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष अनिल शर्मा द्वारा प्रदेश संगठन को मजबूत बनाने एवं संचालन में पारदर्शिता लाने पर जोर दिया था। पेशनरों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने हेतु तत्परता लाने पर जोर दिया गया।

इस अवसर पर यशवत देवान प्रान्तीय अध्यक्ष को जिला पदाधिकारियों द्वारा शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। सीपी कोसरिया द्वारा श्री देवान को मोमेन्टो प्रदान कर सम्मानित किया। अंत में रमेश कुमार भोजवानी द्वारा प्रदेश से आए अतिथियों एवं पेशनरों का आभार जताते प्रदर्शन किया गया। अतिथियों एवं पेंशनरों के स्वल्पाहार की व्यवस्था जिला एवं नगर संगठन द्वारा किया गया। मंच का संचालन पतराम साव ने किया। राष्ट्रगान के साथ सभा का समापन किया गया। उक्त जानकारी जिला महामंत्री सुधीर शेंडे ने दी।










HONDA
धनतेरस एवं दिपावली
की हार्दिक शुभकामनायें
HONDA
मनाये यह त्यौहार
मनराज होंडा
के साथ
MICROVAVE
IRON
Telivision
MIXTURE GRINDER
REFREGIRATOR
Scratch and Win!
PRIZE
BRING HOME
YOUR FAVORITE
Honda 2 Wheeler
Redmi 9A
MOBILE PHONE
TROLLY BAG
WASHING MATCHIN
ऑफर के साथ
★ हर गाड़ी की बुकिंग पर
हेलमेट फ्री
★ हर गाड़ी की खरीदी पर
ट्राली बैग फ्री
आकर्षक *
डिस्काउंट
आकर्षक *
ऑफर
EX-SHOWROOM PRICE
₹ 65,100/-
Shine
100cc
ACTIVA
EX-SHOWROOM PRICE
₹ 78,049/-
2100*
तक का एक्सचेंज बोनस
2100*
तक का आकर्षक डिस्काउंट
★ होंडा की हर गाड़ी की खरीदी पर पाये आर्कषक उपहार और पाये डिस्काउंट का फायदा।
★ मात्र 4,999 कि डाउन पेमेंट में ले जाये अपने सपनो की गाड़ी 8.99% की ब्याज दर के साथ
http://www.manrajhonda.com manrajhondarjn manrajhondarjn
पाताल भैरवी मंदिर के पास, नागपुर नाका, डॉमिनोज के सामने, राजनांदगांव (छ.ग.)
SALES : 07744223333 , 8435999991,2 SERVICE :07744223434, 8435999993,4

## खबर संक्षेप

### राहुल बाजपेयी बने सब इंस्पेक्टर



**राजनांदगांव।** बाजपेई परिवार के होनहार बेटे राहुल बाजपेई का चयन सब - इंस्पेक्टर पद पर हुआ है । आज जारी किए गए व्यापम के नतीजों में राहुल बाजपेई के चयन को खुद राहुल सहित परिजनों ने मां लक्ष्मी का आशीष बताया है । शुरू से ही अपना लक्ष्य इस पद हेतु निर्धारित करने वाले राहुल ने हमें बताया कि मेहनत कभी बेकार नहीं जाती । उन्होंने लक्ष्य प्राप्ति पर माता - पिता सहित बड़े पापा और चाचा के आशीर्वाद को सफलता का श्रेय दिया। व्यापम द्वारा 2018 में आयोजित सब-इंस्पेक्टर परीक्षा के परिणाम आज घोषित किए गए । उक्त परीक्षा में नगर के प्रतिष्ठित स्व. रामनाथ बाजपेई के पोते एवं संजय -रामेश्वरी बाजपेई के द्वितीय पुत्र राहुल बाजपेई ने सफलता अर्जित की है। कान्यकुब्ज सभा के वरिष्ठ सुनील बाजपेई एवं सक्रिय सदस्य संदीप बाजपेई के भतीजे राहुल का शैक्षणिक रिकॉर्ड शुरू से ही बेहतर रहा है ।

### 31 को मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव।** भगवान महावीर स्वामी निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में 31 अक्टूबर को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाए जाने पर मांस जब्त करने, 5000 रुपए अर्थदंड वसूलने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्वच्छता निरीक्षकों से कहा है कि उपरोक्त आदेश का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें एवं अपने संबंधित क्षेत्रों में पर्यवेक्षण रखे।

### कॉलेज में पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में एनसीसी इकाई द्वारा पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न नक्सली क्षेत्र बीजापुर, बस्तर, दंतेवाड़ा, मानपुर में शहीद पुलिस कर्मियों, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा करते अपने प्राण न्यौछावर किए थे, उन दिवगंत शूरवीरों को कार्यक्रम के माध्यम से श्रद्धांजलि एवं सम्मान अर्पित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्था प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर द्वारा शहीद पुलिसकर्मी जो कभी इस महाविद्यालय के विद्यार्थी रहे हैं, जिन्होंने माओवादी से लोहा लेते शहीद हो गए, उनकी शहादत के संबंध में संक्षिप्त जानकारी देते हुआ। जिसमें शहीद आरक्षक ठामन सिंह ठाकुर शहीद स्थल बासामुड़ा बस्तर, आरक्षक चंद्रशेखर शहीद स्थल दल्लेपायली बीजापुर, आरक्षक सुभाष कुमार शहीद स्थल दंतेवाड़ा, आरक्षक प्रकाश वर्मा शहीद स्थल मानपुर, आरक्षक लोकेश कुमार छेदैय्या शहीद स्थल मानपुर, आरक्षक रितेश कुमार झा शहीद स्थल बीजापुर ये सभी शहीद इस महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्र थे। अतुल रायजादा ने उद्बोधन में कहा कि शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि तब अर्पित होगा, जब ऐसे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से नक्सलवाद का पूर्णतः अंत होगा।

### म्युनिसिपल स्कूल मैदान का हाल-बेहाल

# फटाका दुकानों की सुरक्षा व्यवस्था ताक पर, वाहनों से खराब हो रहा घास का मैदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के म्युनिसिपल स्कूल मैदान में लगे लगभग 84 फटाका दुकानों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर इंतजाम नजर नहीं आ रहे हैं। मैदान में ना तो पानी टैंकर है और ना ही सभी दुकानों में फायर फाइटर सिलेंडर है। ऐसे में आगाजनी की स्थिति से तुरंत निपटा नहीं जा सकेगा।

म्युनिसिपल स्कूल मैदान में लगे दुकानों में बड़े पैमाने पर फटाकों का भंडारण है। इसके बावजूद यहां की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष ध्यान नहीं दिया गया है। वहीं दूसरी ओर लगभग 32 लाख रुपए की लागत से लगाए गए घास के मैदान पर फटाका दुकानों का विरोध होने के बावजूद यहां फटाकों की दुकान लगाई गई है, जहां मैदान के भीतर तक वाहन ले जाने के चलते घास का मैदान खराब हो रहा है।



**पार्किंग का उपयोग नहीं**

बीते कई वर्षों से शहर के म्युनिसिपल स्कूल मैदान में फटाके की दुकान लगाई जा रही है, लेकिन यहां घास लगाए जाने के बाद फटाका दुकान सहित अन्य आयोजन का विरोध स्थानीय खिलाड़ियों द्वारा किया गया है। यहां लगी फटाका दुकानों के समीप ही पार्किंग की व्यवस्था है। इसके बावजूद वाहनों को घास के मैदान के भीतर ले जाने से नहीं रोका जा रहा है। पार्किंग पर वाहन खड़ी किए जाने से काफी हद तक घास के इस मैदान को बचाया जा सकता है।

**मैदान के भीतर खड़ी वाहनें**

म्युनिसिपल स्कूल मैदान में घास लगाए जाने के बाद यहां पर फटाका दुकान लगाए जाने का विरोध स्थानीय खिलाड़ियों द्वारा किया गया था। वहीं घास मैदान के भीतर वाहन नहीं ले जाने ग्रील भी लगाए गए थे, लेकिन अब फटाका दुकानों के लगने से यहां दो पहिया और चार पहिया वाहन ग्राउंड के भीतर तक ले जाया जा रहा है। जिसकी वजह से घास का मैदान खराब हो रहा है। फटाका विक्रेताओं सहित ग्राहकों के वाहन भी मैदान पर ही पार्किंग किए जा रहे हैं।

## पांच पर्वों वाली दीपावली का लौकिक के साथ आध्यात्मिक महत्व भी



**राजनांदगांव।** श्री योग वेदांत सेवा समिति राजनांदगांव द्वारा अहमदाबाद से आए संत श्री आशारामजी बापू के साधक शिष्य श्री रामा भाई का एक दिवसीय गीता भागवत सत्संग का आयोजन मोहारा स्थित संत आशारामजी आश्रम में संपन्न हुआ।

रामा भाई ने अपने सत्संग में संदेश दिया कि यह दिवाली केवल हमारी नहीं है, अपितु पूरे मानव जाति का है, क्योंकि इस दिन श्री रामजी अधर्म का नाश कर धर्म की स्थापना किए थे। यही दिवस दीपावली अथवा नूतन वर्ष के रूप में मनाते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह दिवाली पांच पर्वों की होती है। धनतेरस, नरक चतुदर्शी, दीपावली, नूतन वर्ष एवं भाई दूज और इन सभी दिवस का अपना एक विशेष महत्व है। इसी कड़ी में आज रामा भाई के सानिध्य में आसपास के झुग्गी-झोपड़ी में रहने वालों को आश्रम बुलाकर जीवनोपयोगी सामग्री वितरण किया गया। साथ ही दीपावली पर्व की महत्ता बताकर स्वस्थ्य-सुखी व सम्मानित जीवन जीने और भारतीय संस्कृति की गरिमा को बनाए रखने की सीख दी। राजनांदगांव में भी राजनांदगांव के अलावा छुरिया, मोहला, चौकी, डोंगरगढ़, डोंगरगांव, गंडई, खैरागढ़ समिति द्वारा 1200 गरीब व बीहड़ आदिवासी परिवारों में सामग्री वितरण किया गया। इस आयोजन में क्षेत्रीय समिति पदाधिकारीगण गोपाल यादव, मार्गे, भंडारी, उमाशंकर कुंवर, गोस्वामी, रामकुमार देवांगन, नम्मू साहू, राजू भाई, नोहर जंघेल, दिलीप भाई, ओपी साहू आदि का सहयोग रहा।

## इंटर स्कूल अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता

- 15 स्कूल और 30 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल में इंटर-स्कूल अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 15 स्कूल और 30 प्रतियोगियों ने भाग लिया। जिसका मुख्य उद्देश्य था विद्यालयीन अभिमुखता को बढ़ावा देना और छात्रों को उनके भाषाई और विचारात्मक कौशलों का प्रदर्शन करने का मौका देना। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

अतिथियों का स्वागत प्राचार्य रेखा तिवारी सहित अंग्रेजी विभाग के सदस्यों ने किया। स्वागत भाषण देते प्राचार्य ने कहा कि अपनी अंग्रेजी भाषा को अपनाकर ही हम उन्नति कर सकते हैं। आज सभी क्षेत्रों में अंग्रेजी भाषा के माध्यम से ही कार्य हो रहे हैं।




यह प्रतियोगिता कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई थी। जिसका विषय क्या राष्ट्रवाद को धर्म से अधिक प्राथमिकता दी जाए? प्रतियोगिता के पक्ष को समर्थन करते प्रथम स्थान पर निरंजना प्रमोद (दिल्ली पब्लिक स्कूल रिसाली भिलाई), द्वितीय दिशा मिश्रा (संस्कार सिटी इंटरनेशल स्कूल राजनांदगांव) एवं विपक्ष को समर्थन करते प्रथम सिमरन कौर भोगल (दिल्ली पब्लिक स्कूल रिसाली भिलाई), द्वितीय मेहर सलूजा (नीरज पब्लिक स्कूल पेंड्री राजनांदगांव) पर रहे। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अदिति चंद्राकर (एमजीएम सीनियर सेकंडरी स्कूल भिलाई) को दिया गया।

**बच्चों को किया प्रेरित**

शाला प्रबंधन इन विजेताओं का अभिनंदन और सराहना करता है कि उन्होंने अपने दर्शकों के समक्ष अपनी विचारशीलता और वक्तव्य कौशल का प्रदर्शन किया और अपने स्कूल एवं अपना नाम गर्व से बुलंद किया। निर्णायकों में डॉ. सिन्धु नायर एवं डॉ. जमीर फैजी ने अंग्रेजी की गरिमा बढ़ाने बच्चों को प्रेरित किया तथा उन्हें अपने विचारों द्वारा भविष्य में आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया। संस्था के प्रबंधकगण ललित अग्रवाल अध्यक्ष व अतुल देशलहरा सचिव ने प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की मंगलकामना की। विजेताओं को प्रशस्ति-पत्र व स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। निर्णायकों को प्राचार्य द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। आयोजन में विद्यालय के प्रशासक विकास जोशी का विशेष योगदान रहा।

## मोदी ने मन की बात के माध्यम से साइबर क्राइम के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पूर्व सांसद एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने रविवार को मोतीपुर स्थित निज निवास पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का लाईव प्रसारण देखा एवं सुना।

अपने घर विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु पहुंचने वाली जनता से मेल-मुलाकात के बीच कुछ समय का विराम लेकर पूर्व सांसद ने अपने घर पर प्रधानमंत्री के मन की बात के 115वां एपिसोड का सीधे प्रसारण को टेलीवीजन पर देखा।

उन्होंने आज के एपिसोड को अत्यंत रोचक, ज्ञानवर्धक, समसामयिक एवं देश की जनता के लिए उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि आज के एपिसोड में पीएम मोदी ने विशेष रूप से देशवासियों को




साईबर क्राईम के बढ़ते खतरे के प्रति जागरूक किया है। जिसके लिए डिजीटल सुरक्षा के 3 चरण रूको, सोचो, एक्शन लो के साथ ही साथ डिजीटल अरेस्ट स्कैम, साईबर स्कैम के खिलाफ मुहिम में जुड़ने का आह्वान किया है। पूर्व सांसद यादव ने आज के एपिसोड के सार तत्वों को दोहराते आत्मनिर्भर भारत अभियान को जन अभियान बनाने, फिट इंडिया मूमेन्ट की भावना को जन आंदोलन बनाने, देश को इनोवेशन हब बनाने के साथ ही वोकल फॉर लोकल की भावना को ध्यान में रखकर त्यौहारों की खरीददारी स्थानीय स्तर पर करने की अपील की है।

## मतदाता जागरूकता पर विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव में प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल के मार्गदर्शन एवं स्वीप नोडल अधिकारी गुणवंता दास खरे के नेतृत्व में स्वीप एवं जाबो- जागव वोटर अंतर्गत मतदाता जागरूकता पर नुक्कड़ नाटक, मतदाता जागरूकता रैली, नारा लेखन, मतदाता सूची में नाम जोड़ने संबंधी जानकारी, महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता पर शपथ कार्यक्रम एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

ग्राम पंचायत सिंघोला में महाविद्यालय के एनएसएस. कैम्प के दौरान 17 अक्टूबर को मतदाता जागरूकता पर जनसमूह के बीच नुक्कड़ नाटक किया। जिसमें बताया कि बिना किसी प्रलोभन व भय के, देश व लोकहित में काम करने वाले योग्य व अच्छे व्यक्ति को अपना वोट देना चाहिए। स्वीप नोडल अधिकारी श्री खरे ने भारतीय संविधान में नागरिकों को प्रदत्त, मतदान के अधिकार को जिम्मेदारीपूर्वक प्रयोग करने लोगों से आग्रह किया तथा उन्होंने वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जोड़ने व सुधार कार्य करने संबंधी जानकारी विस्तार से दी। 18 अक्टूबर को गांव में मतदाता जन जागरूकता रैली निकाली गई तथा 19 अक्टूबर को गांव के प्रमुख चौक-चौराहों में मतदाता जागरूकता पर नारा लेखन किया गया।




**100 प्रतिभागी हुए शामिल**

महाविद्यालय में लोकतंत्र के महापर्व में सबकी सहभागिता सुनिश्चित करने व भेदभाव से परे जो राष्ट्रहित में काम करने वाले योग्य व्यक्ति को मत देने हेतु छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई। लोकतंत्र में मतदाता की भूमिका शीर्षक पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लक्ष्मी बीए प्रथम सेमेस्टर, मिथलेश साहू बीएससी अंतिम वर्ष एवं धनेश्वरी बीए प्रथम सेमेस्टर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में लगभग 100 प्रतिभागी शामिल हुए।




**राजनांदगांव।** दीपावली पर्व से पूर्व शहर के बाजार में पर्व संबंधी सामग्रियों की खरीदी के लिए बड़ी संख्या में शहरी सहित ग्रामीणों की उपस्थिति बन रही है।

### रन फॉर यूनिटी का आयोजन आज

**राजनांदगांव।** भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत जिले में राष्ट्रीय एकता के संदेश को फैलाने के लिए समाज के सभी वर्ग के लोगों के सहयोग से कल 29 अक्टूबर को सुबह 7 बजे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम गौरव पथ राजनांदगांव में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ भी दिलाई जाएगी।

**बिजनेस साइट**

### धनतेरस ऑफर : कम्प्यूटर मात्र 9900/- में



**राजनांदगांव।** मानव मंदिर चौक स्थित लैपटॉप-कम्प्यूटर शो-रूम एनएन कम्प्यूटर शॉप में लैपटॉप, कम्प्यूटर की खरीदी पर आज से धनतेरस ऑफर दिया जा रहा है। कम्प्यूटर की प्रारंभिक कीमत मात्र 9900 रुपए है। लैपटॉप की सभी विश्व स्तरीय कंपनी एचपी, डेल, लेनोवो, असुस हाजिर स्टोक में उपलब्ध है। साथ ही एचपी, कैनन, ब्रदर, एप्सन कंपनी के कलर और लेसर प्रिंटर उचित कीमत में उपलब्ध है। ऑफर की जानकारी के लिए मानव मंदिर चौक अन्नपूर्णा रेस्टारेंट के सामने स्थित एनएन लैपटॉप-कम्प्यूटर शो-रूम में संपर्क करें।




### प्रत्येक वर्ग में रहा राजनांदगांव जिले का दबदबा

# राज्य स्तरीय योगासन स्पर्धा में नांदगांव ओवर ऑल चैम्पियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ प्रेम निरंजन योगासन खेल संघ छत्तीसगढ़ और योग लंगर भिलाई के संयुक्त तत्वावधान में आचार्य प्रेम निरंजन शर्मा की स्मृति में 26 से 27 अक्टूबर को भिलाई में आयोजित दो दिवसीय चतुर्थ राज्य स्तरीय सब जूनियर, जूनियर, सीनियर, बालक-बालिका योगासन खेल प्रतियोगिता में संस्कारधानी नगरी राजनांदगांव के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने एक बार फिर से अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते अपना वर्चस्व कायम रखते दर्जनों स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक पर कब्जा जमाकर एक नया कीर्तिमान बनाया।

हॉकी और बास्केटबॉल के बाद अब राजनांदगांव का नाम योगासन खेल के क्षेत्र में भी शुमार होने लगा है। सीनियर



आर्टिस्टिक ग्रुप महिला वर्ग में सौम्या, रीना, यतीक्षा, भूमिका और रागिनी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पर अपना कब्जा जमाया। वहीं पूजा, मोनिका एवं साथियों ने दूसरा स्थान प्राप्त कर रजत पदक अपने नाम किया। इसी इवेंट के पुरूष वर्ग में नीरज, प्रवीण, खेमचंद, ईशु और प्रेम ने भी प्रथम स्थान प्राप्त करते स्वर्ण पदक अपने नाम किया। रिदमिक पेयर इवेंट में यतिशा और भूमिका ने अपनी प्रस्तुति से प्रथम स्थान प्राप्त करते स्वर्ण पदक पर अपना कब्जा जमाया। इसी क्रम में सौम्या और रीना ने भी दूसरा स्थान प्राप्त करते रजत पदक अपने नाम किया। इसी श्रेणी में चंचल और साथी ने तीसरा स्थान प्राप्त करते कांस्य पदक अपने नाम किया।

आर्टिस्टिक पेयर में सौम्या और रीना दूसरे और यतीक्षा और रागिनी तीसरे स्थान पर रही। वहीं स्थानीय गायत्री विद्यापीठ सीबीएसई और सीजी सेक्शन के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते कई स्वर्ण और रजत पदक अपने नाम कर राजनांदगांव को ओवर ऑल चैम्पियन बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उक्त अवसर पर दिव्य ज्योति योग केंद्र के योगाचार्य किशोर माहेश्वरी, गायत्री विद्यापीठ सीबीएसई सेक्शन की योग शिक्षक भारती साहू, सीजी सेक्शन के योग शिक्षक चितरंजन साहू, वरिष्ठ खिलाड़ी एवं कोच अतुल लहरे, गुंजन सिन्हा, जयश्री साहू, पुनेश्वर पटेल आदि टीम के साथ मौजूद थे।



हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 29 अक्टूबर 2024
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]




100% BIS Hallmark Jewellery Showroom

100% डायमंड वापसी

सर्टिफाइड डायमंड ज्वेलरी

• चाँदी के बर्तन
• चाँदी के शुद्ध सिक्के

सोने के शुद्ध सिक्के 999

सर्टिफाइड राशि रत्न

100% स्वर्ण वापसी

100 वर्षों से अधिक सतत् सेवारत्

बरडिया ज्वेलर्स प्रा.लि.

*शर्तें लागू

सदर बाजार, राजनांदगांव. ☎ 07744-407161, 403609

पार्किंग सुविधा


ज्यादा चलाए...
ज्यादा कमाए...
200 KM*
प्रति चार्जिंग चलने वाला
भारत का प्रथम ई-रिक्शा...
ALL FINE
ई-रिक्शा एवं लोडर
EXIDE
E-Rikshaw Battery
Eastman
E-Rikshaw Battery
LIVFAST
maximo
इस त्यौहार, परिवहन का नया साधन अपनाएं...
7 वर्षों से सर्विस में सर्वश्रेष्ठ प्रतिष्ठान
गणेश ट्रेडिंग में उपलब्ध
8 क्विंटल वजन क्षमता के साथ
100 KM चलने वाला मजबूत, टिकाऊ, लोडर
अतिशीघ्र अब चिचोला में भी शुभारंभ...
गणेश ट्रेडिंग
रामाधीन मार्ग राजनांदगांव
नंदई मोहारा राजनांदगांव
मेरेगांव अंबागढ़ चौकी
शनि मंदिर के सामने धमधा रोड, खैरागढ़
मो. 7000470280, 7053333315


खुशियों का उत्सव मनाएं
अंशदीप होंडा
का गाड़ी घर ले जाए
अंशदीप होंडा लाया है दीपावली
धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
ACTIVA
Shine 100
Shine 100
हर गाड़ी की खरिदी पर पाये
SCRATCH KARO
AISH KARO
OFFER
Shine 100 की खरिदी पर 1 कम्प्यूटर फ्री
सिर्फ आधार कार्ड लाएं और गाड़ी ले जाएं
Scratch and Win!
हर गाड़ी की खरिदी पर पायें 2000 रू. तक की नगद छूट व एक हेलमेट फ्री
Micro Wave
Bowl Set
Iron
Bluetooth Set
Fridge
Jug
Mixer Grinder
Mobile
Cooler
Washing Machine
LED TV 32"
Anil Flex
अंशदीप होंडा
पाटीदार भवन के पास, जी.ई.रोड, राजनांदगांव (छ.ग.)
फोन 07744-223100, मो. 9303730201, 7224978023, 7224979023
Website - www.anshdeephonda.com


कर्मा हियरिंग केयर
उपलब्ध सेवायें
आइए बेहतर सुने अब हमारे साथ
सुनने की परेशानी को करे बॉय-बॉय
बढ़ती उम्र के साथ सुनने में होने वाली परेशानी की
जाँच डिजिटल ऑडियोमीटर द्वारा (PTA)
नवजात बच्चों की सुनाई की जांच (OAE)
सभी अंतर्राष्ट्रीय कम्पनी के डिजिटल हियरिंग ऐड उपलब्ध
कान के अंदर न दिखाई देने वाली सुनाई मशीन
सभी प्रकार के हियरिंग ऐड की बैटरी उपलब्ध
ईयर मोल्ड (कान का सांचा)
दो साल की वारंटी एवं प्रोग्रामिंग की सुविधा
तुतलाना, हकलाना, देर से बोलना सीखने के लिये स्पीच थैरेपी
सभी मशीनों पर विशेष डिस्काउंट
रिचार्जेबल मशीन उपलब्ध
निःशुल्क जांच एवं परामर्श की सुविधा उपलब्ध
समय : दोपहर 3 से 7 बजे तक
डॉ.ईश्वर साहू
B.Sc. Audiology
9669192410
7892093389
पता: शॉप नं. 01, जिला अस्पताल बसंतपुर गेट नं. 2, कर्मा भवन के पास, राजनांदगांव (छ.ग.) पिन कोड 491441
दूसरे एवं चौथे रविवार को उपलब्ध
हेल्थकेयर पॉलिक्लिनिक न्यू बस स्टैण्ड के सामने, डोंगरगढ़


GREAVES
ELE By GREAVES
दीपावली
के पावन पर्व में
ग्रीव्स पेश करते है
भरोसेमंद एवं मजबूत ई-रिक्शा
भारी छूट के साथ...
इस बेमिसाल सवारी गाड़ी के साथ
LED TV फ्री में ले जाएं
श्री राम ट्रेक्टर्स
जी. ई. रोड, रेवाडीह पेण्ड्री, राजनांदगांव (छ.ग.)
मो. 8223004001, 8223004010, 8223004002

आज से पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व की शुरूआत, होगी विधि-विधान से पूजा

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 29 अक्टूबर 2024



# धनतेरस आजः शाम साढ़े 6 से खरीदी के लिए 102 मिनट का सबसे शुभ मुहूर्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धनतेरस पर्व को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल है। हालांकि पर्व कब मनाएं इसे लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति भी है। पंडितों के अनुसार धनतेरस पर्व मंगलवार 29 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस मौके पर बाजार में पूजा सामग्रियों के अलावा अन्य सामानों की जमकर खरीदी होने की संभावना है।

दीपावली पंच पर्व की शुरूआत कल 29 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहा है। भगवान धनवंतरी के साथ धन की देवी माता लक्ष्मी, धन के देवता कुबेर की पूजा-अर्चना के पर्व को लेकर लोगों में उत्साह है। शहर सहित ग्रामीण इलाकों में पर्व को विधि-विधान से मनाए जाने की व्यापक तैयारियां की जा रही है।

इधर पर्व को लेकर पूर्व से ही बाजार के दुकानों में साज-सजावट एवं पर्याप्त सामग्रियों का स्टाक किया गया है, जहां से खरीदी भी विगत सप्ताहभर से प्रारंभ हो चुकी है। धनतेरस के दिन खरीदी किए जाने की मान्यताएं है। जिसके चलते मंगलवार को सुबह से देर शाम तक बाजार में सामान्य दिनों की अपेक्षा चहल-पहल अधिक होने की संभावना है। लोग पर्व के लिए पूजा सामग्रियों के अलावा कपड़े, ज्वेलरी, इलेक्ट्रानिक्स आईटम, बर्तन सहित पर्व संबंधी आवश्यक सामग्रियों की खरीदी में जुटे रहेंगे। जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि बाजार में जमकर धन की वर्षा होगी।

### सजेगी रंगोली, जगमगाएंगे दीप

पंचाग एवं पंडितों के मुताबिक धनतेरस पर्व तिथि 29 अक्टूबर को सुबह 10.31 से प्रारंभ हो रहा है। जिसका समापन 30 अक्टूबर को दोपहर 1.15 बजे होगा। ऐसी मान्यताएं हैं कि धनतेरस पूजा शाम को ही किया जाता है। लिहाजा 29 अक्टूबर को पर्व मनाया जाएगा। जिसके लिए अतिउत्तम मुहूर्त शाम 6.31 से 8.13 बजे तक है। इस मौके पर लोग अपने घरों में रंगोली सजाकर दीपक प्रज्जवलित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मंगल कामना करेंगे। हालांकि कई लोग पर्व को 30 अक्टूबर को भी मनाने की तैयारियों में है।



### पर्वों की श्रृंखला से बढ़ी व्यस्तता

दीपावली पंच पर्व के शुरूआत होने से पूर्व ही बाजार में चहल-पहल और रौनक बनी हुई है। पर्व के लिए शहरी सहित ग्रामीण जमकर खरीदी करने व्यस्त हैं। धनतेरस पर्व के साथ ही लगातार पर्वों की श्रृंखला के चलते बाजार में लोगों की और भी चहल-पहल बने रहने की संभावना है। पर्व के दौरान व्यवसायियों को बेहतर व्यवसाय होने की संभावना है। बाजार में कपड़े, ज्वेलरी, पूजा की दुकान, इलेक्ट्रानिक्स सहित अन्य दुकानों में लोगों की बेहतर उपस्थिति बन रही है।

# पानी के लिए चक्काजाम, सड़क पर बर्तन रखकर नगर निगम के खिलाफ आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के वार्ड नंबर 4 नया ढाबा में पेयजल समस्या से जूझ रहे लोगों ने सड़क पर खाली बर्तन रखकर चक्काजाम करते नगर निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। यहां के लोगों ने कहा कि कई वर्षों से पेयजल समस्या बनी हुई है। इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है।

लगभग दो-तीन वर्षों से पेयजल संकट से जूझ रहे नया ढाबा वार्ड के लोगों ने आज नगर निगम प्रशासन के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते ढाबा रोड पर अपने घरों के खाली बर्तन रखते हुए चक्काजाम कर दिया। वार्ड की सुमित्रा रजक, रामबाई साहू, पूर्णिमा लहरे और बसंत भार्गव ने कहा कि पहले जब नल नहीं लगा था, तब पानी टैंकर के माध्यम से पेयजल सप्लाई होती थी, लेकिन नल लगने के बाद से पानी टैंकर भी नियमित नहीं भेजा जाता है। वहीं नल से पानी नहीं आने की वजह से पेयजल संकट बना हुआ है।



### टैंकर की भी परेशानी

नया ढाबा वार्ड में पेयजल के लिए पाईप लाइन तो बिछाई गई है, लेकिन घरों में लगे नलों से पानी नहीं आता है। वार्ड के लोगों का कहना है कि 10-15 दिन में एकात दिन पानी आ भी जाए तो काफी गंदा रहता है, जो निस्तारी योग्य भी नहीं होता है। पेयजल के लिए पानी टैंकर भी नियमित नहीं आता है। वहीं टैंकर भेजने का समय भी निश्चित नहीं होने के चलते रोजी-मजदूरी करने गए लोग पानी नहीं भर पाते हैं। जिससे जल संकट बना हुआ है।

### आंदोलन के बाद कुछ दिन की राहत

नया ढाबा वार्ड के लोग पेयजल समस्या को लेकर समय-समय पर प्रदर्शन करते हैं। इसके बाद जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचकर आश्वासन देते हैं। दो-तीन दिनों तक नल से पानी आता है और फिर वही समस्या बनी रहती है।

### भोजन बनाने पर संकट

दीपावली त्यौहार के मद्देनजर साफ-सफाई करने भी पानी की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। वार्ड के लोगों ने कहा कि आलम यह है कि भोजन बनाने के लिए भी उन्हें नल का पानी नहीं मिलता है। आसपास बोर से पानी लाने पर भोजन ठीक से नहीं पाक पाता है।

### तालाब का पानी गंदा

पानी का संकट होने के चलते नया ढाबा वार्ड के लोगों के सामने निस्तारी की भी बड़ी समस्या है। यहां घर-घर शौचालय बना हुआ है, लेकिन पानी नहीं है। वहीं निस्तारी के लिए तालाब जाने पर भी तालाब में गंदगी का आलम है। वार्ड के लोगों ने कहा कि तालाब का पानी कपड़े धोने लायक भी नहीं है।

### राजनीतिक पार्टी को वोट नहीं देने की चेतावनी

पेयजल समस्या को लेकर बार-बार नगर निगम के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से फरियाद कर थक चुके वार्डवासियों ने कहा कि अगर उनकी समस्या का समाधान नहीं किया जाता है तो वह निकाय चुनव में भाजपा, कांग्रेस दोनों ही प्रमुख राजनीतिक पार्टियों को अपना मतदान नहीं करेंगे।

## तापमान में आई गिरावट, दिन का पारा 31 के पास

**राजनांदगांव।** अंचल में अब फिर से मौसम बदलने लगा है। तापमाल में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। दिन का तापमान अब 31 डिग्री के करीब पहुंच गया है। वहीं रात का पारा भी 24 पर आ गया है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण तटीय उड़ीसा के ऊपर स्थित है तथा यह 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके प्रभाव से प्रदेश में नमी आ रही है। प्रदेश में 28 अक्टूबर को एक - दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः दक्षिण छत्तीसगढ रहने की सम्भावना है ।

समदा
सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त
उपलब्ध सुविधाए
• मुँह के छाले एवं कैंसर
• जबड़े के फेक्चर का उपचार ।
• मुँहके कम खुलने का इलाज ।
• जबड़े के जोइन्ट की सर्जरी ।
• दांतों के इम्पलान्ट
• कटे फटे होंट एवं तालु
• चेहरे एवं घावों का उपचार
डॉ. जय टांक
BDS, MDS
(ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन)
आयुष्मान कार्ड से इलाज की सुविधा
मिलने का समय - सुबह 12 से शाम 2 बजे तक
पता :-बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड, राजनांदगांव (छ.ग.)
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें :- 07744356654

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
सामान्य सर्जरी General Surgeon
■ सभी प्रकार के हार्निया का ऑपरेशन
■ अपेंडिक्स का ऑपरेशन
■ पित्त की थैली का ऑपरेशन
■ मुत्राश्य की पथरी का ऑपरेशन
■ बवासीर, भगंदर का ऑपरेशन
■ छोटी एवं बड़ी आंत की बीमारियों का ऑपरेशन
■ अमाशय एवं अग्नाशय की बीमारियों का ऑपरेशन
■ हाइड्रोसील का ऑपरेशन
■ हाई टेक आईसीयू एवं सीसीयू
■ अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
■ हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए
■ 24 घंटे आपातकालीन सुविधा
■ आयुष्मान कार्ड से एनजीओप्लास्टी की सुविधा
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365







## खबर संक्षेप

### स्वयंसेवकों ने किया महावीर तालाब की सफाई



**डोंगरगढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने दीपावली, गौरा गौरी पर्व एवं छठ पूजा को ध्यान में रखते हुए महावीर तालाब की सफाई की। इस अभियान में पतंजलि योग समिति एवं विश्व जागृति मिशन के कार्यकर्ता भी शामिल हुए । इस मौके पर प्रकाश यादव, जागेश्वर निषाद, विश्वनाथ यादव, जिज्ञासु टांक, मुकुंद मोहन साहू, डॉ प्रभंजन, हनी गुप्ता, शुभम परिहार, अमित वर्मा, गोपाल खेमुका, आयुष खेमुका, मोंटी भाटिया, हेमंत साहू, ऋषिकेश, हंसराज साहू, नारद सिन्हा, सतीश यादव, मुकेश काड़े, जयंत साहू, ऋषभ, विशाल, जय कुमार जैन, संतोष टेमरे, मंथीरदास साहू, मोहन शर्मा आदि शामिल थे।

### सत्संग प्रवचन 7 एवं 8 को

**डोंगरगढ़।** श्री सिद्ध पीठ बम्लेष्वरी माता मंदिर प्रांगण में आगामी 7 एवं 8 नवम्बर को सत्संग प्रवचन का आयोजन किया गया है। प्रवचन सदगुरू गजानन साने दादा एवं छोटे दादा के सानिध्य में प्रातः 10 से 1 बजे तक होगा। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

### प्रतियोगी परीक्षा पर कार्यशाला



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय में स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं के लिए नेट, सेट, सीजी पीएससी परीक्षा तैयारी पर कार्यशाला का आयोजन आईक्यूएसी एवं इतिहास विभाग ने संयुक्त रूप से किया। वक्ता रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय घुमका के सहायक प्राध्यापक दीपक वर्मा थे। स्वागत के बाद प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती ने कार्यशाला पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कार्यशाला छात्र-छात्राएं का कैरियर बनाने के मार्ग दर्शन का काम करेगी। श्री वर्मा ने छात्र-छात्राओं को बड़ा लक्ष्य लेकर मेहनत करने, नेट की तैयारी में जेआरएफ को फोकस करने कहा। उन्होंने प्रतिदिन 6 से 7 घंटे पढ़ाई करने कहा। श्री वर्मा ने छात्र-छात्राओं के प्रश्नों का सरलता पूर्वक उत्तर देकर समाधान किया। अंत में विभाग अध्यक्ष डॉ आशा चैधरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### प्रज्ञागिरी में वर्षावास समापन



**डोंगरगढ़।** भदंत संघरत्न मानके की अध्यक्षता में वर्षावास समापन एवं 68 वे धम्म चक्र अनुप्रवर्तन दिवस के मौके पर पय्या मेत्ता संघ ने प्रज्ञागिरी में कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रज्ञागिरी पर स्थापित तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष त्रिशरण पंचशील कर ध्यान साधना, वंदना की गई। तत्पश्चात भदंत संघरत्न मानके, जापान के सतोशी मितानी, भदंत धम्मशिखर, भदंत धम्मतप का स्वागत किया गया। भदंत श्री मानके ने वर्षावास में भिक्खुओं द्वारा पालन किए जाने वाले नियमों को बताया। इस मौके पर डॉ. मनोज गजभिये, कन्हैया खोब्रागड़े, अमिताभ दुफारे, अनिल लांड्गे, संतोष ने वर्षावास, धम्मचक्र अनुवर्तन एवं संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में राधिका जंघेल, पल्लवी मेश्राम, वेणुगोपाल, हीरालाल मोर्य, पुरुषोत्तम रामटेके, जितेन्द्र कठाने, हीरालाल टेंभुरकर, रजत गजभिए, प्रदीप गजभिए, दुर्गा प्रसाद, अनुपमा लांडगें सहित अन्य उपस्थित थे। संचालन ज्योति मेश्राम ने किया।

### रासेयो स्वयंसेवको ने किया बाजार में सफाई



**डोंगरगांव।** स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. बीएन मेश्राम के निर्देशन तथा डॉ. एकेधमगाए के सानिध्य में बाजार एरिया में सफाई किया गया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रियांकी गजभिए, डॉ.आशाराम साहू के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने स्वच्छता रैली निकालने के बाद बाजार परिसर में सफाई किया। बिक्रेताओं को स्वच्छता के संबंध में जानकारी दी गई। व्यापारियों से आसपास की सफाई करने तथा कूड़े कचरा को कचरार वाहन के माध्यम से उनके निर्धारित स्थान में पहुंचाने की अपील की। बस स्टैंड परिसर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया। अभियान में स्वयंसेवक सत्यम, भागीरथी, देवनारायण, रीना पटेल, पुनीता, किरण, डोमेश्वरी आदि बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### सवालों के घेरे में पुलिस की कार्रवाई

**डोंगरगढ़।** नकली बीड़ी बनाने के मामले में पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई पर सवाल खड़े हो गए है। जिस व्यक्ति द्वारा उक्त कारोबार को किया जा रहा था ने अपनी शिकायत में खुलासा करते हुए बताया कि विकलांग एवं अनपढ़ व्यक्ति के नाम से संचालन कर रहा था। जिस व्यक्ति के नाम से उक्त कारखाने का संचालन हो रहा था वह पूर्व पार्षद है जिसे बचाने का प्रयास किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार गत दिनों वार्ड 2 में बीड़ी के अवैध कारखाने का खुलासा हुआ था। पुलिस ने गोला बीडी एवं मनोहर बीड़ी के नकली होलोग्राम, बीडी बनाने की सामाग्री एवं रैपर जप्त कर रविन्द्र साखरे के खिलाफ मामला दर्ज किया था। उल्लेखनीय है कि पिछले 7- 8 सालों में ब्रांडेड कंपनियों के बीडी कारखाने बंद होने के बाद जंगलो से तेंदूपत्ता की अवैध निकासी कर शहर में नकली बीड़ी बनाया जा रहा था। जानकारी के अनुसार अन्य व्यक्ति के नाम से बीड़ी कारखाना का संचालन कर दूसरे ब्रांडेड बीड़ी बनाया जा रहा था। जांच इसकी भी होना चाहिए कि बीड़ी कंपनी के होलमार्क एवं रेपर कहां से लाया जा रहा था। बीड़ी को कहां कहां खपाया जा रहा था और इनसे कौन कौन शामिल हैं?

# भैंस के धक्का से ट्रक की चपेट में आई महिला, मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

खैरागढ़ सड़क पर टिकरीपारा पुल के आगे सोमवार को हुई दुर्घटना में बाइक सवार महिला के ट्रक के नीचे आने से मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सोमवार को दोपहर 12 बजे के आसपास ऑटोबन निवासी चमरूराम जंघेल अपनी पत्नी दुर्गाबाई जंघेल के साथ मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 एलडी 6261 से खैरागढ़ दीवाली खरीदी करने जा रहे थे। टिकरीपारा पुल के पास एक भैंस ने उन्हे धक्का मार दिया जिससे मोटर सायकल में बैठी दुर्गाबाई सामने से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 08 एएक्स 7196 के पिछले चक्के में दब गई। उसका शरीर दो हिस्से में बंट गया। पता चला है कि मृतक की बेटी और बेटा पीछे आ रहे थे।



#### टुकड़ों में मिला शव

घटना के बाद मृतिका के बच्चे अपनी मां के लाश के टुकड़ों को उठाने के लिए जोर जोर से चिल्लाते नजर आए। पुलिस आने के बाद ही लाश के टुकड़ों को इकट्ठा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

#### घटना से क्षेत्र में दहशत

दुर्घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। क्षेत्रवासियों ने स्थानीय प्रशासन से पशुओं के सड़क पर मंडराने पर रोक लगाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि सड़क पर मवेशियों का जमघट होने से अक्सर घटनाएं होते रहती है।

# विधायक ने तीन भवन का किया लोकार्पण



- कांग्रेस सरकार ने किए विकास के कई काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्राम ढारा में पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण से निर्मित महोबिया पारा, साहू पारा में भवन एवं अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण से निर्मित रानीगंज वार्ड 1 में निर्मित भवन का लोकार्पण तथा वार्ड 3 में सीसी रोड का भूमिपूजन विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने किया।

विधायक श्रीमती बघेल के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने आतिशबाजी के साथ स्वागत किया। इस मौके पर श्रीमती बघेल ने कहा कि जब राज्य में भूपेश बघेल की सरकार थी तब गांव में विकास के अनेक काम हुए। इस दौरान पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि अब कोई भी सुरक्षित नहीं है।

जिला पंचायत सदस्य पुष्पा वर्मा ने समाज को संगठित रखने पर जोर दिया। सभा को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा ने भी संबोधित किया। सरपंच राजेंद्र जंघेल ने उप स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने की मांग की। अंत में आभार प्रदर्शन अमित वैशणव ने किया। इस मौके पर चुम्मन साहू, गोकुल वर्मा, सामसाय टांडेकर, नेतराम साहू, राजू राजपूत, लालाराम वर्मा, योधन साहू, सुखचरन साहू, सरल महोबिया, संजय उईके, टुमेश नेताम, सविता वैद, दीपेंद्र टांडेकर, गौतम वर्मा, रोशन वर्मा, रंजीत भारती, राजेंद्र वर्मा, राजकुमार यादव, राजेंद्र श्रीवास, प्रभात वर्मा, दानी वर्मा, नंदू वर्मा, कमलेश साहू, राजकुमार सेन, रामकुमार वर्मा, बिसेसर धनकर, अनिता, टानेश्वरी वर्मा, हेम साहू, सरस्वती वर्मा, उर्मिला वर्मा, रश्मि वर्मा, शीतला वर्मा, नंदकुमार, गीता, शारदा, रुपेश वर्मा, मनोज महोबिया, प्रकाश महोबिया, कुम गैंड्रे, रंजीत भारती आदि मौजूद थे।

### मुरमुंदा में क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

**घुमका।** हायर सेकेंडरी स्कूल मुरमुंदा के मैदान में 28 अक्टूबर से शहीद नीरज शर्मा एवं स्व हरिहर प्रसाद वैष्णव, स्व घनश्याम वर्मा, स्व वेदप्रकाश वर्मा, स्व मनोज वर्मा की स्मृति में युवाओं ने तुक्का प्रीमियर लीग क्रिकेट का आयोजन शुरू किया।

समिति के अध्यक्ष मनीष छत्री ने बताया कि आयोजन में 32 टीमों ने एंट्री लिया है। विजेता टीम को 21001, विनर शील्ड, उप विजेता को 11001 एवं विनर शील्ड से सम्मानित किया जाएगा। हैट्रिक पर 201, छक्का लगाने पर 251, चौका लगाने पर 201 रूपए दिया जाएगा। पहले दिन बिरेझर और चारभांठा के मैच खेला गया। समापन आगामी 4 नवंबर को होगा।

# नए कलेक्टर ने संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के नव पदस्थ कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने आज सोमवार को पदभार ग्रहण किया। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति 2016 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी है। इससे पूर्व महिला एवं बाल विकास विभाग की संचालक के रूप में पदस्थ रही है। साथ ही श्रीमती प्रजापति पशुपालन विभाग की उप सचिव एवं बेमेतरा, बलरामपुर, कोरिया, जिले में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत का दायित्व संभाल चुकी है।

पदभार ग्रहण करने के बाद जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में



जिला अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर विभाग की कार्यों की जानकारी ली। साथ ही सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे एक टीम के रूप में मिलकर उत्कृष्टता और गुणवत्ता के साथ कार्य करें। जिससे जिले को विकास की मुख्य धारा से जोड़कर उच्च स्तर पर स्थापित किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर जिला कार्यालय की विभिन्न शाखाओं और विभागों के कक्ष में पहुंचकर अवलोकन किया तथा कर्मचारियों से परिचय एवं कार्यो की जानकारी ली।

# अंतिम चरण पर भाजपा का सदस्यता अभियान

## लक्ष्य पूरा करने वाले बन रहे सक्रिय सदस्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

भाजपा का सदस्यता अभियान अब अंतिम पड़ाव की ओर है। भाजपा के कार्यकर्ता पूरी ताक़त के साथ अभियान चलाकर सफ़ल बनाने जुटे है। प्रदेश संगठन के निर्देश पर निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने प्राथमिक सदस्य एवं सक्रिय सदस्य बनाने संयोजकों की नियुक्तियां की गई। नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष गुलशन हिरवानी को सक्रिय सदस्यता अभियान संयोजक, अजय वैष्णव को सह संयोजक बनाया गया है। संयोजक और सहसंयोजक ने सभी कार्यकर्ताओं को निर्धारित लक्ष्य के अनुसार 50 और 100 प्राथमिक सदस्य तथा अपने बूथ में 200 सदस्य बना लिया को सक्रिय सदस्य बनाया गया। इसी कड़ी में विधि प्रकोष्ठ के संयोजक सतीश पाण्डेय जिन्होंने प्राथमिक सदस्य बनाने का लक्ष्य पूर्ण कर लिया है को सक्रिय सदस्य बनाया गया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता, संतोष यादव, योगेश पटेल, कोमल साहू, राकेश देवांगन, प्रफुल्ल जैन आदि उपस्थित थे।


**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड डोंगरगढ़ संभाग**

क्रमांक/कार्य.अभि./सामा./3397 डोंगरगढ़, दिनांक 28/10/2024

समस्त सम्मानीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि दीपावली पर्व 2024 के अवसर पर सतत विद्युत व्यवस्था बनाये रखने एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु निम्न शिकायत केन्द्रों में दूरभाष के माध्यम से शिकायत दर्ज करा सकते हैं ।

| क्र. | अधिकारी का नाम एवं पदनाम | कार्यालय का नाम | मोबाईल नंबर | सब-स्टेशन का नाम | मोबाईल नं. |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री दिलीप कुमार सहायक अभियंता (उपसंभाग) प्रभार | डोंगरगढ़ | 6232940782 | डोंगरगढ़ | 6232942951 |
| 02 | श्री सम्मन ठाकुर - कनिष्ठ अभियंता वि.के. | डोंगरगढ़ (शहर) | 6232940784 | डोंगरगढ़ शहर एफ.ओ.सी. सेन्टर | 6232942958 |
| 03 | श्री अनुराग कोर्राम - कनिष्ठ अभियंता वि.के. | डोंगरगढ़ (ग्रामीण) एवं मुरमुन्दा | 6232940785 | अछोली | 6232942949 |
| 04 | श्री कमलेश सोनवानी - कनिष्ठ अभियंता वि.के. | मुसराकला | 8831863351 | मुसराकला | 6232942953 |
| 05 | श्री अमन पाथोडे - कनिष्ठ अभियंता वि.के. | ढारा | 6232940783 | ढारा | 6232942950 |
| 06 | श्री लालाराम जंघेल - लाईन सहायक ग्रेड 2 | मेढ़ा | 9755758466 | मेढ़ा | 6232942952 |
| 07 | श्री मुन्ना राम जंघेल – लाईन सहायक ग्रेड 2 | पनियाजोब | 8959758642 | पनियाजोब | 6232942954 |
| 08 | श्री मोहन लिल्हारे - लाईन सहायक ग्रेड 2 | रूआतला | 8959961866 | रूआतला | 6232942957 |

*" बिजली की बचत ही, बिजली का उत्पादन है "*

**कार्यपालन अभियंता, (सं./सं.) संभाग, छ.स्टे.पा.डि.कं.लिमि., डोंगरगढ़**






शुभ धनतेरस
91.6 हॉलमार्क के जेवर का अनूठा संग्रह सबसे कम मजदूरी में
वर्धमान
ज्वेलर्स
सोने के जेवर का भाव
6951/-
प्रति ग्राम
सोने व चांदी के निर्माता एवं विक्रेता।
सोने चांदी के सिक्के, बर्तन, पूजा का सामन और कार्पोरेट गिफ्ट के ढेरों विकल्प
इस धनतेरस एवं दिपावली को बनाइयें कुछ खास क्योंकी
वर्धमान समझता है आपके अपनों के जज्बात
अपने घर की लक्ष्मी को है
सजाना...
तो वर्धमान ज्वेलर्स ही आना...
EMI की सुविधा उपलब्ध
कृपया पधारकर सेवा का मौका अवश्य देवें।
भगवान महावीर चौक, गोल बाजार, खैरागढ़ (छ.ग.)
संभव लुनिया 8889760000 वैभव लुनिया 9691099977


श्री राधे
श्री राधे
जल्दी आयें... जल्दी पायें...
आपके शहर खैरागढ़ जिला में
नया आवासीय कॉलोनी
प्रस्तावित कलेक्टर ऑफिस
केन्द्रीय विद्यालय
विद्युत मंडल ऑफिस
इंडेन गैस गोदाम
श्रीजी विहार कॉलोनी
बाई पास कालेज रोड
सरस्वती शिशु मंदिर
अवंती स्कूल
प्राकृतिक वातावरण के बीच आपके
मन को आनंदित करने वाला
श्रीजी विहार
ग्राम तथा नगर निवेश एवं रेरा से डायवर्टेड अनुमति प्राप्त कॉलोनी
प्लाट बुकिंग प्रारंभ
मो.- 7746058677
सरस्वती शिशु मंदिर के सामने, खैरागढ़ छुईखदान मार्ग लाराबन्ध खैरागढ़




# जरूरतमंद बच्चों के संग 14 वर्षों से मना रहे खुशियों की दिवाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जिले में स्वामी विवेकानंद युवा जागृति मंच लगातार 14 वर्षों से जरूरतमंद बच्चों के साथ सार्थक दिवाली का आयोजन कर रहा है।

मंच के सदस्य 150 से अधिक बच्चों को नए कपड़े, फुलझड़ी और मिठाईयां वितरित कर रहे हैं। प्रदेशाध्यक्ष जीवन साहू ने बताया कि इनमें 50 से अधिक ऐसे बच्चे भी शामिल हैं, जिन्होंने अपने माता-पिता को खो दिया है और उन्हें भी विशेष सहयोग प्रदान किया जाता है। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाने में जुटे युवा अपने खर्च पर सार्थक दिवाली मना रहे।

प्रदेशाध्यक्ष जीवन साहू और मंच के अन्य सदस्य अलग-अलग वार्डों में जाकर जरूरतमंद बच्चों को सामग्री वितरण कर रहे हैं। सभी खर्च मंच के सदस्य स्वयं वहन करते हैं। मीडिया प्रभारी रोहित देवांगन के अनुसार इस कार्यक्रम में जीवन साहू, संजय शर्मा, रितेश यादव, एसके देवांगन, आदित्य पराते, उदित नारायण, गौरव, अभिषेक, शत्रुघन साहू, मेहुल, देवश्री चावड़ा, पंकज झा, भरत, हरीश और दिनू साहू ने भूमिका निभाई।

# वार्डों में सामाजिक सुरक्षा पेंशन शिविर आज

**राजनांदगांव।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते नगर निगम द्वारा प्रतिमाह पेंशन का भुगतान वार्डों में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कड़ी में हितग्राहियों को माह सितंबर 2024 का पेंशन भुगतान के लिए वार्डों में 22 से 31 अक्टूबर तक सुबह 11.30 से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत कल 29 अक्टूबर को वार्ड नं. 20 के लिए पेंड्री स्कूल, वार्ड नं. 21 के लिए आंगनबाड़ी केन्द्र पेंड्री, वार्ड नं. 22 के लिए रेवाडीह स्कूल, वार्ड नं. 37 के लिए गंजपारा स्कूल, वार्ड नं. 38 के लिए पार्षद कार्यालय ब्राम्हणपारा व वार्ड नं. 39 के लिए सार्वजनिक भवन नागेश्वर मंदिर में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डों के लिए भी शिविर का आयोजन किया जाएगा। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने पेंशनधारियों से शिविर में उपस्थित होकर पेंशन का लाभ लेने की अपील की है।

# जनसहयोग से सपना हुआ साकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कल्लूबंजारी



बूचाटोला निवासी अमन कुमार कुंजाम आर्थिक तंगी, दिव्यांगता एवं उचित मार्गदर्शन के अभाव में अपने सपनों को साकार नहीं कर पा रहा था। अब वह जनसहयोग एवं उचित मार्गदर्शन मिलने के बाद शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज जगदलपुर में एडमिशन लेने में कामयाब हुआ है। जानकारी के अनुसार बूचाटोला निवासी अमन कुमार पिता यादराम कुंजाम प्रयास विद्यालय में पढ़ाई करने के बाद इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश हेतु परीक्षा दिलाया जिसमें उसने 45 वां रैंक प्राप्त किया था। आर्थिक तंगी और उचित मार्गदर्शन नहीं मिलने के कारण वह इंजीनियरिंग कॉलेज में एडमिशन नहीं ले पा रहा था। पिता की अपील पर सेवाभावी शिक्षकों एवं अन्य ने इंजीनियरिंग कॉलेज में एडमिशन हेतु प्रवेश शुल्क, छात्रावास शुल्क एवं वाहन किराया के लिए आवश्यक राशि की व्यवस्था कर उसकी मदद किया। एसकी मदद करने वालों में दिनेश कुमार, होमप्रकाश सलामे, तिलक सोरी, डॉ खुमान मंडावी, उमेन्द सिंह मंडावी, गौतरहीन कुंजाम, संजीव ध्रुर्वे, धनुष मरकाम, एडीएस मार्को, शंकर लाल वास्कले, प्रीति झा, ओमप्रकाश कोडापे, दिनेश रावटे, बलराम श्रीवास, भुनेश्वरी साहू, संघमित्रा बोरकर शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### कोड से बने 223 सदस्य

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 2 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रथम सदस्यता दिलाई गई और उसी के साथ 3 सितंबर को देशभर में महा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। पहले चीन की कम्युनिस्ट पार्टी देश की सबसे ज्यादा सदस्य वाली पार्टी होती थी, लेकिन 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमें भाजपा के 11 करोड़ सदस्य बने और दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन गई। पार्टी का काम सिर्फ सदस्य बनाना नहीं है। उनको पार्टी के विचारों से जोड़ना है और उनको केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी देना है। इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा सक्रिय सदस्य बनने के लिए 50 सदस्य बनाना अनिवार्य किया है। जिसमें कमल सोनी शक्ति केंद्र प्रभारी ने 223 सदस्य बनाकर लक्ष्य से अधिक सदस्य बनाकर सक्रिय सदस्य बने हैं। 27 अक्टूबर को दक्षिण मंडल अध्यक्ष तरुण लहरवानी के समक्ष भाजपा सदस्यता अभियान में 223 सदस्य बनाकर सक्रिय सदस्यता हेतु अपना आवेदन प्रस्तुत किया। साथ में अशोकादित्य श्रीवास्तव, तरुण लहरवानी, पुरुषोत्तम गांधी, विनोद श्रीरंगे साथ में उपस्थित रहे।

# हरदी स्कूल में सायबर क्राइम पर कार्यशाला



- विद्यार्थियों को सोशल मीडिया में सतर्कता बरतने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हायर सेकंडरी स्कूल हरदी के विद्यार्थियों और शिक्षकों को जिला शिक्षा अधिकारी के आदेशानुसार बीते 25 अक्टूबर को सायबर क्राईम की पहचान और उससे बचने के उपाय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

प्राचार्य कमल नारायण सिंह व स्टॉफ की उपस्थिति में विद्यार्थियों को शासकीय दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव के बीसीए में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं नितेश सेन, कर्ष एवं मेधा द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में अनजान कॉल, इंस्टाग्राम लिंक को रिस्पांस नहीं देने तथा रिस्पांस देने पर किस प्रकार से आर्थिक हानि के साथ सामाजिक छवि को नुकसान होता है या हो सकता है के संबंध में विस्तार से सतर्क किया गया। विभाग द्वारा सामाजिक संस्थान सेंटर फॉर युथ डेव्हलपमेंट एवं एक्टीविटीज छग द्वारा क्लीक हील फाउंडेशन को उक्त कार्यशाला की जिम्मेदारी दी गई थी। कार्यशाला में प्राचार्य श्री सिंह सहित शिक्षकगण अमित कुमार शर्मा, लक्ष्मी चंद्रवंशी, गीता साहू, राकेश मिश्रा, टिकेश्वर वर्मा, यामिनी साहू, सुषमा ठाकुर, सुनील चंद्राकर, धर्मेन्द्र चंद्रवंशी, चम्पेश्वर, घनश्याम साहू, देवश्री साहू, चंद्रवती कुंजाम, इंदरचंद वर्मा, आशीष जैन, अभिषेक ताम्रकार, दिनेश की सहभागिता रही।




# योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही दिक्कतों पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

अपार आईडी बनाने में आ रही दिक्कतों को लेकर जिले के सभी शासकीय व गैर शासकीय हाई-हायर सेकेंडरी विद्यालयों के प्राचार्यों की आवश्यक बैठक हुई। डीईओ लालजी द्विवेदी की उपस्थिति में आयोजित बैठक में प्रमुख एजेंडा अपार आईडी बनने पर हो रही समस्याओं सहित अब तक बनाए गए अपार आईडी, राज्य और राष्ट्रीय छात्रवृत्ति का अब तक पोर्टल में अद्यतन स्थिति पर चर्चा, मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना की जानकारी, अब तक बनाए गए जाति प्रमाण पत्र की संख्यात्मक जानकारी, परख परीक्षा के अलावा स्वामी आत्मानंद विद्यालय के अलावा विभिन्न विभागीय विषयों पर चर्चा किया गया। बैठक में सभी विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा बाद जिला शिक्षा अधिकारी लाल जी द्विवेदी ने सभी प्राचार्यों को विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में गंभीरता बरतने कहा वहीं बैठक की सूचना मिलने के बाद भी अनुपस्थित प्राचार्यों को कारण बताओं नोटिस जारी कर जवाब मांगा। इस दौरान जिले के सभी स्कूलों के प्राचार्य उपस्थित थे।




धनतेरस
की हार्दिक बधाई
L.B.ev | PURE
83192-48465
इस दिवाली मात्र 1 रूपए देकर
अपने घर ले आयें
महादिवाली
ऑफर
10,000
रूपये तक
की छूट
मात्र- 73,999/-
से प्रारंभ
EX SHOWROOM PRICE
5 साल की
बैटरी
वारंटी
100 K.M. से लेकर 211 K.M.
तक माइलेज देने वाली भारत की पहली
इलेक्ट्रिक गाडी
CONTACT- 83192-48465 सोनू वर्मा (टप्पा)
पता- राजनांदगांव, भदौरिया चौक एक्सिस बैंक के पास-491441

# भाईसा मार्केटिंग

सिनेमा लाईन, राजनांदगॉव Ph.98271-03036, 70002-88845

CASH BACK OFFER

सबसे बड़ा शॉपिंग धमाका,
अनेको ऑफर एवं उपहार के साथ...

धनतेरस उत्सव

UP TO 50% OFF

नियम व शर्तें लागू*




0 डाऊन पेमेंट एवं 0% इंट्रेस्ट में फायनेंस की सुविधा उपलब्ध
प्रत्येक खरीदी पर निश्चित उपहार
एक्सचेंज ऑफर
फ्रि इंस्टॉलेशन
बेस्ट सर्विस



धनतेरस के शुभ अवसर पर खरीदी कीजिए भाईसा मार्केटिंग के आकर्षक ऑफर के साथ...

शुभदिन... शुभ मुहूर्त... शुभ खरीदी...



IFB
Set yourself free

Every new beginning is brighter WITH IFB.



EMI STARTING AT ₹922*
EXCHANGE BENEFITS UP TO ₹10,000*
UP TO 20% CASHBACK*
*T&C Apply.

# भाईसा मार्केटिंग

सिनेमा लाईन, राजनांदगॉव Ph.98271-03036, 70002-88845